




haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर, गुरुवार 10 सितंबर 2026


## एपल का पहला स्क्रीन मुड़ने वाला आईफोन 'डुओ' लॉन्च



7.4 इंच की बड़ी स्क्रीन

15 मिनट में 50% होगा चार्ज

कीमत-1,64,900/ 1,79,900 रुपए

**कैलिफोर्निया।** एपल ने आखिरकार अपना पहला स्क्रीन मुड़ने वाला आई फोन लॉन्च कर दिया है, जिसका नाम आईफोन डुओ दिया है। कंपनी ने आईफोन-18 प्रो की भारत में शुरुआती कीमत 1,64,900 रुपए है। आईफोन 18 प्रो मैक्स की शुरुआती कीमत 1,79,900 रखी है। दोनों हैंडसेट के शुरुआती वेरिएंट में 256जीबी इंटरनल स्टोरेज मिलेगी। भारत में प्री ऑर्डर शनिवार से शुरू होगा और इसकी ओपन सेल 18 सितंबर से शुरू होगी। एपल के मुताबिक, डुओ बंद होने पर पासपोर्ट के साइज का हो जाता है। इसमें 5.4-इंच की मेन डिस्प्ले है, लेकिन खुलने पर यह 7.6-इंच के पैनल में बदल जाता है, जो अब तक के किसी भी आईफोन का सबसे बड़ा डिस्प्ले है।






# छग में भी शराब का खेल, 4409 खाली बोतलें, स्टीकर और 3380 ढक्कन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

छत्तीसगढ़ में भी अवैध शराब का धंधा खूब चल रहा है। कांकेर के भानुप्रतापपुर में बड़ी मात्रा अंग्रेजी शराब में मिलावट का सामान बरामद हुआ है। भानुप्रतापपुर के ग्राम बसंत नगर, नारायणपुर स्थित एक किराए के मकान में दबिश देकर भानुप्रतापपुर पुलिस ने 4409 नग खाली शराब की बोतल-पौवा, 105 पत्ता स्टीकर व होलोग्राम तथा 3380 ढक्कन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार इन सामग्री का उपयोग अंग्रेजी शराब में मिलावट अथवा अवैध रूप से शराब तैयार करने में किए जाने की आशंका है। अंग्रेजी शराब की खाली बोतलें, पौवा, स्टीकर, होलोग्राम और बड़ी संख्या में ढक्कन देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। मामले में बरामद सामग्री के वास्तविक मालिक की पतासाजी की जा रही है। कोरर पुलिस ने शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस की टीम ने बसंत नगर में उत्तम देवनाथ के किराए के मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक कमरे में बड़ी मात्रा में शराब से संबंधित सामग्री लावारिस हालत में मिली। पुलिस ने मौके से जम्मू स्पेशल व्हिस्की के ▶▶ शेष पेज 6 पर

खास खबर

### मालिक की तलाश
### धारा 106 के तहत जब्ती

पुलिस ने सभी सामग्री को लावारिस हालत में पाए जाने पर समक्ष गवाहों की मौजूदगी में धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्ती पत्रक के अनुसार जब्त कर लिया है। बरामद सामग्री के मालिक और इसके पीछे सक्रिय लोगों की पतासाजी की जा रही है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाली बोतल, स्टीकर, होलोग्राम और ढक्कन आखिर किस उद्देश्य से एकत्र किए गए थे।

### मिलावट की आशंका, खेल किसका इस पर सस्पेंस, मकान मालिक गायब





### 4409 खाली बोतल-पौवा और 3380 ढक्कन

पुलिस के अनुसार बरामद सामग्री में मैकडॉवल नंबर-1 के 2078 खाली पौवा, 411 खाली बोतल, अद्धी 107, सिग्नेचर की 61 खाली बोतल, आरएस के 367 पौवा, 121 बोतल व 95 अध्दी, आरसी के 964 पौवा व 87 बोतल, आईबी के 103 पौवा व 15 बोतल समेत कुल 4409 खाली बोतल-पौवा ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

### एनआईए की चार्जशीट पेश, दिल्ली में हुआ था आत्मघाती बम विस्फोट

# लाल किला ब्लास्ट : खुद को कार में उड़ाकर उमर ने ली थी 15 की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किले के पास 10 नवंबर 2025 को हुए धमाके की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ा खुलासा किया है। इस वारदात में 15 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए की चार्जशीट के मुताबिक लाल किले के पास हुआ यह धमाका आत्मघाती बम विस्फोट था। जांच एजेंसी का दावा है कि आरोपी उमर उन नबी (ए-1) धमाके के वक्त कार के अंदर ही मौजूद था।

चार्जशीट के अनुसार उसी ने कार में लगाए गए आईईडी को एक खास कमांड मैकेनिज्म के जरिए एक्टिव किया था। एनआईए के मुताबिक इस मामले में सामने आए आतंकी मॉड्यूल की विचारधारा और उसकी गतिविधियों की भी गहराई से जांच की गई। एजेंसी का कहना है कि इस मॉड्यूल से जुड़े आरोपी कट्टरपंथी विचारों से प्रभावित थे और हिंसक गतिविधियों की तैयारी कर रहे थे।



- आतंकियों ने कथित तौर पर सेकंड हैंड कार खरीदी
- कार को वाहन आधारित विस्फोटक में बदला
- फॉरेंसिक जांच में टीएटीपी और अमोनियम नाइट्रेट के मिले अवशेष

### कार के अंदर बैठकर खुद दबाया था बटन

एनआईए की चार्जशीट में साफ लिखा है कि मुख्य आरोपी उमर उन नबी (ए-1) धमाके के वक्त गाड़ी के अंदर ही मौजूद था। उसने कार के भीतर बैठकर कमांड मैकेनिज्म का इस्तेमाल किया। आईईडी को खुद एक्टिवेट कर दिया। यह हमला अंसार गजवात-उल-हिंद मॉड्यूल से जुड़ा हुआ था। आतंकी किसी भी कीमत पर लाल किले जैसी ऐतिहासिक और संवेदनशील जगह पर बड़ा नुकसान पहुंचाना चाहते थे।

### कब और कैसे हुआ विस्फोट

*एनआईए के मुताबिक, 10 नवंबर 2025 को लाल किले के पास शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर जिस कार में विस्फोट हुआ, उसे कथित तौर पर वाहन आधारित विस्फोटक उपकरण में बदला गया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि नबी और एक सह-आरोपी ने साजिश के तहत सेकंड हैंड कार खरीदी थी। विस्फोट के समय नबी उसी वाहन में मौजूद था। जांच के दौरान घटनास्थल से मिले जैविक नमूनों की डीएनए जांच से उसकी पहचान की पुष्टि होने का दावा किया गया है।*

---

# बड़ी सौगात, बिलासपुर-पेंड्रा रोड तीसरी और कटनी-पेंड्रा रोड के बीच चौथी लाइन

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,783 करोड़ रुपए की तीन रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने बुधवार को रेल मंत्रालय की 10,783 करोड़ रुपए की लागत वाली तीन मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा खंड और कटनी-पेंड्रा रोड खंड के बीच चौथी लाइन तथा बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड खंड के बीच तीसरी लाइन का निर्माण शामिल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ये तीनों परियोजनाएं पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों से होकर गुजरेंगी। इन परियोजनाओं से रेल लाइन की क्षमता बढ़ेगी, जिससे आवाजाही में सुधार के साथ परिचालन दक्षता और सेवाओं की विश्वसनीयता बढ़ेगी। इससे रेल परिचालन सुगम होगा और भीड़भाड़ कम करने में भी मदद मिलेगी। इनके निर्माण से भारतीय रेल के मौजूदा नेटवर्क में करीब 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी। सरकार ने कहा कि प्रस्तावित मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं से करीब 4,790 गांवों को बेहतर रेल संपर्क मिलेगा, ▶▶ शेष पेज 6 पर




### उद्योग और व्यापार को मिलेगी नई गति

स्वीकृत रेल परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, लोहा और इस्पात सहित महत्वपूर्ण वस्तुओं के परिवहन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। मल्टीट्रैकिंग से रेल नेटवर्क की माल दुलाई क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। तीनों परियोजनाओं से कुल मिलाकर प्रतिवर्ष लगभग 27 मिलियन टन अतिरिक्त माल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बिलासपुर-पेंड्रा रेल कॉरिडोर को मिलेगी मजबूती

*बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन और कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन की स्वीकृति छत्तीसगढ़ के लिए विशेष महत्व रखती है। इन परियोजनाओं से इस महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर की क्षमता में वृद्धि होगी। अतिरिक्त लाइन क्षमता से ट्रेनों का परिचालन अधिक सुगम होगा, रेल यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी तथा यात्री और* ▶▶ शेष पेज 6 पर

**साय ने जताया आभार**

### विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई गति: मुख्यमंत्री साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इनमें बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन और कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन छत्तीसगढ़ के विकास की दृष्टि से विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के रेल नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी, यात्री सुविधाओं का विस्तार होगा तथा उद्योग और व्यापार के लिए माल परिवहन अधिक सुगम एवं प्रभावी होगा। श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधुनिक और मजबूत रेल इंफ्रास्ट्रक्चर ▶▶ शेष पेज 6 पर

#### प्रमुख केंद्रों तक बेहतर होगी पहुंच

इन परियोजनाओं से छत्तीसगढ़ सहित संबंधित क्षेत्रों के महत्वपूर्ण पर्यटन, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की रेल कनेक्टिविटी में भी सुधार होगा। इनमें अचानकमार टाइगर रिजर्व, मल्हार का पुरातात्विक स्थल, रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर और खुटाघाट बांध सहित अनेक ▶▶ शेष पेज 6 पर

---

**आरक्षण पर अठावले का बड़ा बयान, कहा-**

## देश से जातिवाद खत्म हुआ तो हम आरक्षण छोड़ देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



देशभर में आरक्षण व्यवस्था के मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। इस पर दिल्ली से लेकर कई प्रदेशों में आरक्षण के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा है, इस बीच छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय दौरे पर रायपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, अगर देश से जातिवाद खत्म होता है तो हम आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार हैं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले बुधवार को छत्तीसगढ़ पहुंचे। उन्होंने सुबह स्टेट गेस्ट हाउस पहुना में अधिकारियों के साथ मीटिंग की। मीटिंग के बाद संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने आरक्षण व्यवस्था का विरोध करने वालों को लेकर ▶▶ शेष पेज 6 पर

खास खबर

### सरकार दलितों की सेवा करने में सक्षम

केंद्रीय मंत्री ने दलितों के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशान साधते हुए कहा, विपक्ष अब केवल टिप्पणी करने के लिए है। वह देश का विकास नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास तेजी से हो रहा है। सरकार दलितों की सेवा करने में सक्षम है। सरकार दलितों को न्याय दिलाने में प्रयासरत है।

### कांग्रेस की नीति पर केंद्रीय मंत्री ने खड़े किए सवाल

अठावले ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। राहुल गांधी बार-बार मांग कर रहे थे कि जातिगत जनगणना होनी चाहिए। लेकिन जब उनकी कांग्रेस की सरकार थी तब जातिगत जनगणना नहीं कराई गई। अब जब बीजेपी की सरकार आई है तब बोल रहे हैं कि यह होना चाहिए, वह होना चाहिए। हमारी सरकार ने केवल ओबीसी ही नहीं, बल्कि भारत में रहने वाले हर जाति के लोगों का जनगणना कार्य करने का निर्णय लिया है।

## एकलव्य विद्यालय में सीनियर छात्रों ने कमरे में बुलाकर जूनियर बच्चों को पीटा

अंबिकापुर ▶▶ बलरामपुर

- अभिभावक बच्चों को लेकर पहुंचे अस्पताल

सरगुजा के बाद अब बलरामपुर जिले के एकलव्य आवासीय विद्यालय में बड़ी लापरवाही सामने आई है। आवासीय विद्यालय के बालक छात्रावास में सीनियर बच्चों ने जूनियर बच्चों के साथ मारपीट की। इस घटना की शिकायत जिपं सदस्य और ग्रामीणों ने की है। मामला उजागर होने के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। इधर इस मामले में अब ▶▶ शेष पेज 6 पर




### कार्यशैली पर उठे सवाल

एकलव्य आवासीय विद्यालय में बच्चों के बीच हुई मारपीट की घटना ने प्रबंधन की कार्यशैली को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। छात्रावास में रात आठ बजे के लगभग यह घटना हुई। यदि स्थिति बिगड़ जाती तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेता। वहीं बच्चों के परिजन ने भी ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जारी किया गया है नोटिस

*घटना में 11वीं के दो और 12वीं कक्षा के आठ, कुल 10 छात्रों द्वारा 9वीं के छात्रों से मारपीट की बात सामने आई है। दोनों पक्षों से बातचीत की गई, जिसमें संबंधित छात्रों ने अपनी गलती स्वीकार की है। बच्चों की पढाई प्रभावित ना हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है और मारपीट करने वाले छात्रों को फिलहाल घर भेजा गया है और अंतिम चेतावनी दी गई है। प्राचार्य और संबंधित शिक्षकों को भी नोटिस जारी किया गया है।*

***समीक्षा जायसवाल**, एसी ट्राइबल*

## अब नहीं होंगे बसों के पहिए जाम, हड़ताल स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित बस हड़ताल स्थगित कर दी गई है। परिवहन मंत्री केदार कश्यप के साथ संचालकों की बैठक में कई मांगों पर मंथन के बाद हड़ताल रद्द कर दी गई।

बस ऑनर फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बस संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक में यात्री किराए के पुनर्निधारण, स्लीपर बसों के टैक्स, बसों की समय-सारिणी ऑनलाइन परमिट, व्हीकल लोकेशन ट्रेनिंग , डिवाइस, फिटनेस प्रमाणपत्र और महिला यात्रियों की सुरक्षा सहित परिवहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विषयों पर विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में चर्चा हुई। कई मांगों पर मंत्री ने सकारात्मक संकेत दिए हैं। उन्होंने अफसरों को यात्री सुविधाओं को लेकर कई निर्देश भी दिए।

## छठवीं के छात्रों को त्रि-भाषा नीति से छूट देने पर विचार करे सीबीएसई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीबीएसई से कहा कि वह इस अकादमिक सत्र के लिए छठी कक्षा के छात्रों को अपनी त्रि-भाषा नीति से छूट देने पर विचार करे। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सीबीएसई की त्रि-भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 17 सितंबर तक टालते हुए बोर्ड से कहा कि वह मौजूदा अकादमिक सत्र में छठी कक्षा के छात्रों को शामिल करने की संभावना पर विचार करे। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल हैं।

कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, इस साल छठी कक्षा पर विचार करें।

### राजधानी में गणेशोत्सव पंडालों की बढ़ने लगी भव्यता

## गुढ़ियारी का 'पंडाल' होगा सबसे महंगा, खर्च होंगे 40 लाख

लवकुश शुक्ला ▶▶ रायपुर

विघ्नहर्ता की स्थापना से पहले ही राजधानी की आयोजन समितियों में भव्यता बढ़ाने को लेकर होड़ सी मची है। इस क्रम में सबसे महंगा पंडाल इस साल गुढ़ियारी गणेश उत्सव समिति का रहने वाला है। स्थापना के 106वें वर्ष को खास बनाने के लिए समिति ने इस सीजन में 11 दिनों तक चलने वाले पूजा उत्सव में स्थापना ▶▶ शेष पेज 6 पर

अलग खबर





### आकर्षक लाइटिंग के बीच होंगे चलित स्वरूप

*आयोजकों ने बताया कि झांकी और स्थल साज-सज्जा भी पूरी तरह धार्मिक भावना से सराबोर करने वाली होंगी। इस बार भी झांकियों के माध्यम से चलित स्वरूप को दिखाने का प्रयास किया जाएगा। दर्शन के लिए प्रवेश करते ही लोगों को झांकियों के जरिए पांच तत्वों की महिमा के साथ ही अवतारों की महत्ता को प्रदर्शित किया जाएगा। हर साल की तरह स्थापना और हवन पर डेढ लाख से ज्यादा खर्च होंने की संभावना है। जबकि मूर्तियों पर ही 8 लाख से ज्यादा खर्च किया जाएगा।*




# जरा संभलिए...146 संक्रमितों के साथ राजधानी स्वाइन फ्लू का हॉटस्पॉट, 33 अस्पताल दाखिल

## डेढ़ दर्जन मरीज सरकारी अस्पतालों में, शेष का निजी में इलाज, एक साथ सर्दी, खांसी, बुखार और बदन दर्द हो सकता है स्वाइन फ्लू

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

सार्वजनिक स्थानों पर सावधानी बरतना आवश्यक है, क्योंकि रायपुर जिला सर्वाधिक 146 केस के साथ स्वाइन फ्लू का हॉट स्पॉट बन चुका है। बुधवार को सामने आए 19 पॉजिटिव के साथ एक्टिव मरीजों की संख्या 50 हो चुकी है, जिसमें से 33 का इलाज अस्पताल में चल रहा है। चिकित्सकों का तर्क है कि एक साथ सर्दी, खांसी, बुखार और बदन दर्द की शिकायत का कारण स्वाइन फ्लू हो सकता है। इस संक्रमण से किसी की स्थिति गंभीर नहीं हुई है, लेकिन इसके फैलने का ट्रेंड जोखिम भरा हो सकता है। वर्तमान में जिला अस्पताल, आंबेडकर अस्पताल और एम्स में डेढ़ दर्जन मरीजों का इलाज चल रहा है और बाकी अलग-अलग प्रायवेट अस्पतालों में भर्ती हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले मरीजों में इस तरह के लक्षण नजर आने पर उनका टेस्ट कराया जा रहा है, जिसमें 20 फीसदी मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है।

### नहीं बदला वायरस का स्वरूप

एच1एन1 के वायरस के स्वरुप में कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन इसके एक्टिव होने की वजह से कम इम्युनिटी वाले लोग बदलते मौसम में इसका शिकार हो रहे हैं। लोगों की ज्यादा भीड़ होने के कारण रायपुर जिला इस संक्रमण के मामले में संवेदनशील हो गया है। जिले में अब तक इसके 146 केस आ चुके है जिसमें से पचास मरीजों को आईसोलेशन में रखकर इलाज किया जा रहा है।मौसम में होने वाले उतार-चढ़ाव के दौरान अगस्त से इसके मामले बढ़े हैं मगर यह बात पॉजिटिव है कि अब तक किसी की स्थिति गंभीर नहीं हुई है और ना यह जानलेवा साबित हुई है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि स्वाइन कोरोना की तरह फैलने वाला संक्रमण है यह संक्रमित के संपर्क में आने वाले स्वस्थ्य व्यक्ति को बीमार कर सकता है। इसलिए इस तरह के लक्षण होने पर लोगों को दूसरों के संपर्क में आने से बचना चाहिए।

### राज्य में अब तक 344 संक्रमित

रायपुर के साथ अन्य जिलों में भी इस वायरस की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। बुधवार को रायपुर में 19 के साथ महासमुंद में 10, बिलासपुर में 3, कांकेर में 2, दुर्ग, रायगढ़, मुंगेली में 1-1 मामले सामने आए हैं। राज्य में अब तक 344 संक्रमितों का पता चला है जिसमें 122 एक्टिव केस है जिनमें 32 का होम आईसोलेशन और 90 का विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

### त्योहारी भीड़ में जोखिम

अभी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है और आने वाले दिनों में शहर में त्योहारी भीड़ जुटने वाली है। ऐसे में थोड़ी असावधानी संक्रमण के विस्तार का कारण बन सकता है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में जाने के दौरान सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए मास्क का उपयोग करने की आवश्यकता है। इसके अलावा छींकने अथवा खांसने के दौरान रूमाल का प्रयोग करना चाहिए।

### अलर्ट जारी

स्वाइन फ्लू को लेकर विभागीय अलर्ट जारी है। लोगों में अगर इसके लक्षण नजर आते हैं तो स्वयं दवा खाने के बजाए अस्पतालों में जाकर जांच कराए। हेल्थ सेंटरों में स्वाइन फ्लू की जांच के लिए सैंपल लिए जाते हैं।

**-डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

# तीन डीबी व 11 सिंगल बेंच में होगी सुनवाई, हाईकोर्ट में नया रोस्टर जारी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 10 सितंबर से नया रोस्टर लागू किया गया है। चीफ जस्टिस द्वारा 9 सितंबर को जारी रोस्टर के अनुसार यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। नए रोस्टर में तीन डिवीजन बेंचों के साथ 11 सिगल बेंचों का गठन किया गया है। डिवीजन बेंच-1 में चीफ जस्टिस और जस्टिस (डेजिगनेटेड) की बेंच होगी। इस बेंच में जनहित याचिकाएं, रिट अपील, हेबियस कॉर्पस याचिकाएं, आपराधिक अवमानना याचिकाएं, डिवीजन बेंच के सभी रिट मामले (क्रिमिनल. को छोड़कर) तथा टैक्स मामले, जिनमें टैक्स से संबंधित रिट अपील भी शामिल हैं, सुने जाएंगे।

इसी तरह डिवीजन बेंच-2 में जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू और जस्टिस (डेजिगनेटेड)) की बेंच होगी। इस बेंच को ऐसे सभी सिविल मामले दिए गए हैं जो किसी अन्य डिवीजन बेंच को आवंटित नहीं हैं। इसके अलावा कंपनी अपील, वैवाहिक मामलों से संबंधित प्रथम अपील तथा कमर्शियल अपीलेट डिवीजन बेंच के मामले भी इस बेंच के समक्ष सुने जाएंगे। साथ ही डिवीजन बेंच-3 में जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास और जस्टिस ( डेजिगनेटेड)) की बेंच होगी। इस बेंच में डिवीजन बेंच के सभी आपराधिक मामले, (आपराधिक अवमानना याचिका को छोड़कर), तथा रिट पिटीशन क्रिमिनल के मामले सूचीबद्ध होंगे तीनों ही डीबी में नवनियुक्त जस्टिस रहेंगे।

### इस तरह रहेगी सिगल बेंच

नए रोस्टर में सिगल बेंचों के लिए जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास, जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी, जस्टिस सचिन सिह राजपूत, जस्टिस राकेश मोहन पांडेय, जस्टिस संजय कुमार जायसवाल, जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल, जस्टिस बिभु दत्ता गुरु और जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई है। इनके अलावा तीन जस्टिस ( डेजिग्नेट) के लिए भी अलग सिगल बेंच निर्धारित की गई हैं।

### विशेष बेंच की व्यवस्था

रोस्टर के अनुसार शुक्रवार को चीफ जस्टिस की विशेष बेंच में आर्बिट्रेशन एंड कन्सिलिएशन एक्ट की धारा 9(4), 9(5) और 9(6) से संबंधित आवेदन तथा दोपहर 2.15 बजे के बाद मोटर व्हीकल एक्ट से संबंधित पुराने मामलों के लिए विशेष बेंच की व्यवस्था भी की गई है। इसी तरह डिवीजन बेंचों के काम पूरे होने के बाद निर्धारित पुराने सिविल और आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए जस्टिस ( डेजिगनेटेड) की विशेष सिगल बेंच रहेंगी।

### नवनियुक्त जस्टिस का शपथग्रहण समारोह आज

बिलासपुर। राष्ट्रपति द्वारा नियुक्ति आदेश जारी होने एवं वारंट जारी होने के बाद गुरुवार को चीफ जस्टिस केआर महापात्र के कोर्ट में तीनों नवनियुक्त जस्टिस संतोष शर्मा, जस्टिस सुषमा सावंत एवं जस्टिस सुधीर कुमार का सुबह 10 बजे शपथग्रहण समारोह होगा। इस संबंध में हाईकोर्ट की वेब साइट में अधिसूचना जारी की गई है। शपथग्रहण के बाद तीनों नवनियुक्त जस्टिस डीबी में बैठेंगे। इसके अलावा सिंगल बेंच में भी मामलों की सुनवाई करेंगे। चीफ जस्टिस ने इस संबंध में रोस्टर जारी किया है।

## पारंपरिक उद्योगों के साथ स्टार्टअप का तड़का, जेन-जी शेयर करेंगे बिजनेस आइडिया

**रायपुर।** राजधानी रायपुर 18 से 20 सितंबर तक देशभर के उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों, उद्यमियों, निवेशकों और युवाओं की मेजबानी करेगी। साइंस कॉलेज ओपन ग्राउंड में 14वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2026 का आयोजन किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फेयर में प्रदेश के एमएसएमई, स्टार्टअप, निर्माताओं, उद्यमियों और युवाओं को देशभर के उद्योगपतियों, खरीदारों और निवेशकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा। फेयर में उत्पाद एवं तकनीक प्रदर्शनी, बीटूबी मीटिंग, निवेशकों से संवाद, जॉब प्लेसमेंट ड्राइव विशेषज्ञों के प्रेरक सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों की भी उपस्थिति रहेगी। छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा, कृषि एवं वन उत्पाद, ऊर्जा संसाधन और विकसित हो रहे औद्योगिक आधार के कारण प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र की व्यापक संभावनाएं हैं। हालांकि छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए बड़े बाजार तक पहुंच, नए खरीदारों से संपर्क, तकनीकी सहयोग और निवेश हासिल करना कई बार चुनौतीपूर्ण होता है।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल ने किया निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पोर्टल का शुभारंभ

रायपुर। छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा तैयार किए गए नए पोर्टल का शुभारंभ सोमवार को लोकभवन में राज्यपाल रमन डेका ने किया। इस अवसर पर आयोग की ओर से तैयार पोर्टल की शुरुआत की गई, जो निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित विभिन्न कार्यों और सूचनाओं को अधिक व्यवस्थित एवं सुगम बनाने में सहायक होगा। पोर्टल के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीके गोयल, सदस्य प्रशासनिक डॉ. एसके गुप्ता, उपसंचालक रामजी द्विवेदी, प्रोग्रामर लक्ष्मीनारायण साहू व सुरभि मिश्रा उपस्थित रहे। आयोग द्वारा तैयार इस पोर्टल को डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। इसके माध्यम से निजी विश्वविद्यालयों से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रियाओं को ऑनलाइन माध्यम से अधिक प्रभावी और पारदर्शी तरीके से संचालित करने में सुविधा होगी।

### नए प्रभारी भगत की नियुक्ति के बाद कांग्रेस संगठन में बदलाव के आसार

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस संगठन के नए प्रभारी नियुक्त होने के बाद संगठन में बड़े बदलाव के होने के आसार हैं। प्रभारी की नियुक्ति के बाद जल्द ही एआईसीसी प्रभारी सचिवों की नियुक्ति हो सकती है और छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिवों को भी बदला जा सकता है। झारखंड के आदिवासी नेता सुखदेव भगत को सचिन पायलट की जगह प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी बनाया गया है। पायलट करीब ढाई साल तक प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रहे।

वर्तमान में तीन प्रभारी सचिव जारिता लैतफलांग, संपत कुमार और विजय जांगिड़ हैं। इनमें विजय जांगिड़ की नियुक्ति को चार साल हो चुके हैं। चर्चा है कि एआईसीसी जल्द ही प्रभारी सचिवों की सूची जारी कर सकती है। इसमें छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिवों को भी इधर-उधर किया जा सकता है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज का कार्यकाल खत्म हो चुका है। आदिवासी समाज से प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति के बाद चर्चा है कि बैज का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाएगा। इसकी वजह नियुक्तियों में सामाजिक समीकरणों को विशेष महत्व दिया जाना बताया जा रहा है।

## एआई के जरिए गृहकार्य कर रहे हैं विद्यार्थी, इसलिए नए प्रयोग

# शिक्षक बताएंगे कैसे पहचानें एआई का जवाब सही या गलत? विकसित करेंगे निर्णय क्षमता

## कंप्यूटेशनल थिंकिंग एंड अंडरस्टैंडिंग एआई प्रशिक्षण की शुरुआत करेगा सीबीएसई



हरिभूमि न्यूज : रायपुर

कक्षा में अब शिक्षक की भूमिका केवल पाठ पढ़ाने और सवालों के जवाब बताने तक सीमित नहीं रहेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच विद्यार्थी किसी भी सवाल का उत्तर कुछ ही सेकंड में हासिल कर सकते हैं। ऐसे में असली चुनौती यह होगी कि विद्यार्थी मिले हुए उत्तर को समझे, उसकी सत्यता जांचे और खुद उस पर तर्क कर सके। इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शिक्षक प्रशिक्षण का मुख्य विषय कंप्यूटेशनल थिंकिंग एंड अंडरस्टैंडिंग एआई रखा है।

सीबीएसई की इसी पहल के तहत नवंबर माह में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में कंप्यूटेशनल थिंकिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को कक्षा शिक्षण से जोड़ने तथा शिक्षकों को बदलती तकनीकी जरूरतों के अनुरूप तैयार करने पर चर्चा होगी। सीबीएसई के अनुसार, उनका जोर विद्यार्थियों को केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साधनों का इस्तेमाल सिखाने के बजाय उनकी तार्किक सोच, समस्या समाधान और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने पर है। तीसरी से आठवीं तक कंप्यूटेशनल थिंकिंग को सीखने की प्रक्रिया से जोड़ने की दिशा में काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों को किसी बड़ी समस्या को छोटे हिस्सों में बांटकर उसका क्रमबद्ध और तार्किक समाधान निकालना सिखाया जाएगा।

### बताएंगे क्या है जवाब की प्रवृत्ति

सीबीएसई अधिकारियों के मुताबिक एआई के दौर में शिक्षक विद्यार्थियों के लिए जानकारी का एकमात्र स्रोत नहीं होंगे। उनकी भूमिका मार्गदर्शक और सीखने में सहयोगी की होगी। शिक्षक यह समझाने पर जोर देंगे कि एआई से मिला हर उत्तर सही नहीं होता। विद्यार्थी को तथ्यों की जांच करना, अलग-अलग स्रोतों से जानकारी का मिलान करना और गलत उत्तर को पहचानना सीखना होगा। इससे कक्षा में केवल सही उत्तर क्या है? के स्थान उत्तर सही क्यों है? और इस निष्कर्ष तक कैसे पहुंचे? जैसे सवाल अधिक महत्वपूर्ण होंगे।

### विद्यार्थी के अनुसार पढ़ाई

बोर्ड के मुताबिक एआई आधारित साधनों से विद्यार्थियों की सीखने की गति और कमजोरियों का आकलन करने में मदद मिल सकती है। इससे शिक्षक यह तय कर सकेंगे कि किस विद्यार्थी को किस विषय या अवधारणा पर अधिक अभ्यास की जरूरत है। आगे चलकर एक ही कक्षा के सभी विद्यार्थियों के लिए एक जैसी शिक्षण योजना के बजाय उनकी जरूरत के अनुसार अभ्यास और गतिविधियां तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। एआई के कारण पारंपरिक गृहकार्य की उपयोगिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। निबंध, सामान्य उत्तर या परियोजना का बड़ा हिस्सा विद्यार्थी कुछ ही समय में एआइ की मदद से तैयार कर सकता है। ऐसे में विद्यालयों को ऐसे कार्य देने होंगे जिनमें विद्यार्थी की स्वयं की सोच और समस्या समाधान की क्षमता सामने आए।

## जनपदों से फंड जारी नहीं होने से सरपंच परेशान, गांवों में विकास कार्य अटके

रायपुर। रायपुर जिले के कई गांवों में जनपद पंचायतों से फंड जारी नहीं होने के कारण विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। कई ग्रामों में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित काम भी नहीं हो रहे हैं, जिससे सड़क, पानी, तालाब का सौंदर्यीकरण, नाली-नाला निर्माण, शेड निर्माण सहित अन्य कई तरह के कार्य भी अटके हुए हैं। हरिभूमि ने सोमवार को नवा रायपुर अंतर्गत आने वाले कई गांवों के सरपंचों से बातचीत कर जानकारी ली कि जनपद पंचायतों से उनके गांवों के लिए फंड जारी किया गया है या नहीं। ज्यादातर सरपंचों ने यही बताया कि जनपद पंचायतों को कार्यों से संबंधित प्रस्ताव दिए गए हैं, लेकिन उनके द्वारा अब तक फंड जारी नहीं किया है। उनके गांव में वर्तमान में एनआरडीए द्वारा जारी किए गए निर्धारित फंड से स्वीकृत कार्य ही कराए जा रहे हैं। आरंग ब्लॉक के ग्राम छतौना के सरपंच भोजराज यदु ने बताया कि अब जो भी कार्य स्वीकृत किए जा रहे हैं, जीरामजी योजना के तहत ही किए जा रहे है। जनपद पंचायत से विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपए तक फंड जारी किया जाता है।






## 415 बकाएदार ऐसे, जिन्हें चुकाने हैं 2 लाख रुपए से अधिक

# 1997 से नहीं दिया संपत्तिकर, 48 की प्रापर्टी सील, 80 करोड़ वसूलेंगे 'स्पेशल कुर्की ऑफिसर'

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में रहने वाले 2 लाख रुपए से अधिक राशि के बकाया संपत्तिकर वालों की अब तक 48 प्रापर्टी नगर निगम ने सील कर दी है। तीन नोटिस के बाद भी सालों से बकाया संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर जल्द ही इनके सील किए हुए प्रापर्टी के कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम इसके लिए कुर्की अधिकारी नियुक्त करने की तैयारी में है। सील की गई यह प्रापर्टी जोन 4 के सदरबाजार, जोन 1 के भनपुरी, जोन 8 अटारी, हीरापुर, जरवाय, टाटीबंध और रायपुरा मुख्य मार्ग सहित जोन 2 के मौदहापारा क्षेत्र की है। सील की गई प्रापर्टी चल व अचल संपत्ति दोनों तरह की है।

### सदरबाजार, भनपुरी, टाटीबंध अटारी, हीरापुर, जरवाय सहित मौदहापारा के बड़े बकायेदार सूची में

दरअसल, रायपुर नगर निगम के राजस्व महकमे को निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने वर्ष 2026-27 के लिए 475 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है। बड़े बकायादारों पर राजस्व वसूली को फोकस करते हुए निगम प्रशासन ने दस जोन में 4200 बड़े बकायादारों को चिन्हित कर राजस्व वसूली शुरू कर दी है। इनमें से 2 लाख रुपए से अधिक के बकाया संपत्ति कर वाले 415 संपत्ति करदाता हैं, जिन्हें संबंधित जोन के माध्यम से बकाया संपत्तिकर का भुगतान करने 3 बार नोटिस दिया जा चुका है। नोटिस के बाद बकाया संपत्तिकर भुगतान में कोताही बरतने पर राजस्व महकमे ने अब तक 48 बड़े बकायादारों की प्रापर्टी सील कर दी है।

सील की गई प्रापर्टी में नगर निगम जोन 4 के सदरबाजार इलाके के बड़े बकायदारों में 10 प्रापर्टी शामिल है, जिन पर 2 लाख रुपए से अधिक राशि संपत्ति कर के रूप लेनी है। सीलबंद प्रापर्टी में जोन 1 के भनपुरी क्षेत्र की 8 प्रापर्टी शामिल है, जिनके प्रापर्टी होल्डर द्वारा नगर निगम से तीन नोटिस भेजे जाने के बाद भी बकाया संपत्ति कर की राशि का अब तक भुगतान संबंधित जोन में नहीं किया गया है। इसी तरह टाटीबंध की 1 प्रापर्टी, के अलावा जोन 2 क्षेत्र के मौदहापारा इलाके 5 बड़े बकायादारों की प्रापर्टी को सीलबंद किया गया है। 2 लाख से अधिक के बकाया संपत्तिकर दाताओं में जोन 8 क्षेत्र के रायपुरा मुख्य मार्ग की 6 प्रापर्टी को सील किया गया है। इसके अलावा अटारी, जरवाय, हीरापुर के बड़े बकायादारों की 18 प्रापर्टी सील की गई है। जिनके जल्द कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक 2 लाख से अधिक बड़े बकायादारों में कुछ बकायादार ऐसे हैं, जिन्होंने 1997-98 से संपत्तिकर का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा 2011, 2014-15 से संपत्तिकर बकाया राशि भुगतान नहीं करने वाले बड़े बकायादार को भी सूचीबद्ध किया गया है।

इसी तरह 1 लाख रुपए से अधिक राशि के 1200 बकायादार नगर निगम के 10 जोन में चिन्हित किए गए हैं, जिन्हें डिमांड नोटिस देकर बकाया राजस्व वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

बिलासपुर

गुरुवार 10 सितंबर 2026
भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
वर्ष : 26, अंक : 170
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4.00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 34.2
न्यून. 26.1


7 शेल्टन ने किया उलटफेर, मैराथन मुकाबले ...






विचार पेज
2 मानवता व विरोध का वैचारिक...


*छत्तीसगढ़ दस्तावेजों की स्वीकारोक्ति अथवा इंकार नियम 2026 लागू*

# अदालतों में पेश होने वाले दस्तावेज असली या नहीं...अब विरोधी पक्ष को बताना होगा, सहमति के साथ दोनों के हस्ताक्षर अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब अदालतों में पेश किए जाने वाले दस्तावेजों की प्रामाणिकता को लेकर दोनों पक्षों का रुख मुकदमे के शुरुआती चरण में ही स्पष्ट करना होगा। राज्य सरकार ने इसके लिए नए नियम अधिसूचित किए हैं, जिनके तहत अभियोजन पक्ष या आरोपी जब किसी दस्तावेज को साक्ष्य के रूप में अदालत में पेश करेगा तो विरोधी पक्ष को साफ-साफ बताना होगा कि वह उस दस्तावेज को असली मानता है या उसकी प्रामाणिकता से इंकार करता है। इस संबंध में सरकार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), ▸▸ शेष पेज 6 पर

### क्या बदलेगा

अब किसी भी आपराधिक मामले में अभियोजन पक्ष या आरोपी यदि अदालत में कोई दस्तावेज साक्ष्य के रूप में पेश करता है, तो उसे निर्धारित प्रारूप में आवेदन और दस्तावेजों की सूची भी देनी होगी। आवेदन में अदालत से अनुरोध किया जाएगा कि विरोधी पक्ष को बुलाकर प्रत्येक दस्तावेज के असली होने को स्वीकार करने या उससे इंकार करने का अवसर दिया जाए।

खास खबर

### दस्तावेजों की सूची में क्या-क्या दर्ज करना होगा

प्रारूप के अनुसार प्रत्येक दस्तावेज का नाम और विवरण, जारी होने की तारीख, वह मूल प्रति है या प्रतिलिपि, जारी या सत्यापन करने वाले प्राधिकारी का नाम दर्ज करना होगा। सबसे महत्वपूर्ण कॉलम में यह स्पष्ट लिखना होगा कि दस्तावेज की प्रामाणिकता स्वीकार की जाती है या इंकार। सूची पर आवेदन प्रस्तुत करने वाले और विरोधी पक्ष, दोनों के हस्ताक्षर भी होंगे।




### व्यवस्थित बनाने की कोशिश

नए नियमों से मुकदमों में दस्तावेजी साक्ष्यों को लेकर अनावश्यक विवाद कम होने की संभावना है। इससे अदालत का समय उन दस्तावेजों पर खर्च होगा, जिन पर वास्तव में विवाद है, जबकि निर्विवाद दस्तावेजों को सीधे रिकॉर्ड का हिस्सा बनाया जा सकेगा। इससे साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित हो सकती है और मामलों की सुनवाई में होने वाली अनावश्यक देरी कम करने में मदद मिल सकती है। हालांकि, अधिसूचना में मुकदमों के निपटारे की अवधि घटने का कोई प्रत्यक्ष दावा नहीं किया गया है।

### न्यायालयीन मामलों पर क्या असर पड़ेगा

अब तक कई मामलों में दस्तावेजों की प्रामाणिकता पर विवाद सुनवाई के दौरान सामने आता था, जिसके कारण अलग-अलग दस्तावेजों को साबित करने के लिए अतिरिक्त गवाहों और साक्ष्यों की जरूरत पड़ती थी। नए नियमों के तहत यह स्थिति मुकदमे के शुरुआती चरण में ही स्पष्ट हो जाएगी कि किन दस्तावेजों पर दोनों पक्ष सहमत हैं और किन पर विवाद है। यदि किसी दस्तावेज की प्रामाणिकता पर विरोधी पक्ष आपत्ति नहीं करता, तो उसे अलग से प्रमाणित किए बिना भी अदालत साक्ष्य के रूप में पढ़ सकेगी। दूसरी ओर, केवल उन्हीं दस्तावेजों पर विस्तृत सुनवाई और प्रमाण की आवश्यकता होगी, जिनकी प्रामाणिकता को चुनौती दी जाएगी।

# सरकारी और निगम मंडल कर्मियों को राहत, बड़े पदों के लिए आयु सीमा 38 नहीं, अब 45 साल

## साय कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के शासकीय और निगम मंडल के कर्मियों के हक में महत्वपूर्ण फैसला किया गया है। मंत्रिपरिषद ने शासन के अधीन कार्यरत स्थायी-अस्थायी शासकीय सेवकों, निगम-मंडल एवं स्वशासी संस्थाओं के कर्मचारियों, संविदाकर्मियों तथा नगर सैनिकों को अन्य शासकीय सेवाओं एवं उच्च पदों के लिए आवेदन करने में बड़ी राहत देते हुए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा 38 वर्ष से बढ़ाकर 45 वर्ष करने के ▸▸ शेष पेज 6 पर

खास खबर

### निर्यात प्रोत्साहन नीति 2026-30 को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने राज्य को देश के प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से 'छत्तीसगढ़ निर्यात प्रोत्साहन नीति 2026-30' को मंजूरी दी है। नई नीति के माध्यम से प्रदेश में मजबूत निर्यात इकोसिस्टम और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने, निर्यातकों को बेहतर बाजार पहुंच एवं व्यापार सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही कृषि एवं औद्योगिक क्षेत्रों में मूल्य संवर्धित उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा दिया जाएगा। इस नीति के तहत ई-कॉमर्स, व्यापार मेलों एवं प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों और निर्यातकों की अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सीधी पहुंच बढ़ाई जाएगी।

### हरिभूमि ने कहा था...


मप्र में 40, छग पीएससी में अंतिम मौका 35 वर्ष में, सिलेबस के बाद आयु सीमा को लेकर सुझाव

सिलेबस बदलाव को लेकर पीएससी ने मांगे थे सुझाव

सामान्य वर्ग को 7 वर्ष का अंतर

व्यावहारिक नहीं

### अब सीएम स्टार्टअप और एनआईपीयूएन मिशन

मंत्रिपरिषद ने युवाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता और नवाचार के नए अवसर सृजित करने हेतु निर्णय लेते हुए 'मुख्यमंत्री स्टार्टअप एवं एनआईपीयूएन मिशन' को मंजूरी दी है। मिशन के लिए आगामी पांच वर्षों हेतु 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत सभी 33 जिलों में उद्यमिता विकास केंद्र, 100 इमर्जिंग टेक्नोलॉजी लैब और 5 इंडस्ट्री एक्सीलेंस सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

### स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट को 10 एकड़ जमीन

मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर अटल नगर में नेशनल स्किल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एनआईएसटी) की स्थापना के लिए एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय को ग्राम तेंदुवा में 10 एकड़ भूमि निःशुल्क आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। लगभग 200 करोड़ रूपए की लागत से विकसित होने वाले इस संस्थान में आधुनिक शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं छात्रावास सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

### दुर्ग कोर्ट के लिए जमीन को मंजूरी

मंत्रिपरिषद ने दुर्ग जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण के लिए ग्राम तितुरडीह में बीआईटी कॉलेज के समीप 4 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नाम दर्ज उक्त भूमि के बदले ग्राम पाहंदा, तहसील पाटन में 5.024 हेक्टेयर शासकीय भूमि भिलाई इस्पात संयंत्र को दी जाएगी। दोनों भूखंडों का वर्तमान मूल्य लगभग समान है। इस निर्णय से दुर्ग में जिला न्यायालय के लिए आधुनिक एवं सुव्यवस्थित नवीन न्यायालय परिसर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और न्यायिक अधोसंरचना को और सुदृढ़ किया जा सकेगा।

*श्रमिक ठेकेदार सनोज से पूछताछ में हुआ खुलासा*

# बेसमेंट में दुकान बनाने तोड़ी थी दीवार, इसलिए ढह गई इमारत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने बुधवार को बताया कि सत्य निकेतन पीजी ढहने के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी से पूछताछ में पता चला है कि इमारत के भूतल पर एक दुकान बनाने के लिए एक दीवार तोड़ी गई थी जिससे पूरी इमारत ढह गई। यह जानकारी श्रमिक ठेकेदार सनोज कुमार से पूछताछ में सामने आई है। पुलिस ने बताया कि दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को ढह गई इमारत में 'पेइंग गेस्ट' (पीजी) का संचालन करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह इस मामले में अब तक हुई पांचवीं गिरफ्तारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान भजनपुरा निवासी 31 वर्षीय सुधांशु लवनीश के तौर पर हुई है।



### दुकान बनाने में बाधा थी दीवार

अधिकारी के मुताबिक, उसने पुलिस को बताया कि एक दीवार भूतल पर दुकान बनाने की जगह में बाधा बन रही थी और घटना वाले दिन उन्होंने जगह बनाने के लिए इस दीवार को हटा दिया और इमारत यह भार नहीं झेल सकी तथा ढह गई। त्यागी फिलहाल फरार है और उसका पता लगाने के प्रयास जारी हैं। जांचकर्ता किराएदारों के साथ हुए समझौते की जांच कर रहे हैं जिसके तहत पीजी संचालित किया जा रहा था।

### 10 दिन पहले शुरू हुआ था काम

अधिकारी के मुताबिक, मोती बाग में रहने वाले श्रमिक ठेकेदार सनोज कुमार (35) ने पूछताछ में बताया है कि करीब 10 दिन पहले महेश गुप्ता ने इमारत में मरम्मत के काम के लिए उसे रखा था। भूमिगत तल को भूतल के समतल करने का काम किया जा रहा था। इसके लिए भूमिगत तल में करीब तीन ट्रक मलबा भरा गया तथा इस काम के लिए महेश द्वारा उसे प्रतिदिन 2800 रुपए का भुगतान किया जा रहा था।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले के छन्न अरोरियां रेलवे स्टेशन पर मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। इसके कारण जम्मू-कठुआ रेल मार्ग पर बुधवार को कई घंटों तक रेल यातायात बाधित रहा। यह घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। यह महत्वपूर्ण रेल मार्ग जम्मू कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। घटना के तुरंत बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का आकलन किया। पटरी से उतरे डिब्बे को बाद में मार्ग से हटा दिया गया, जिसके बाद दोपहर करीब 12 बजे रेल यातायात बहाल कर दिया गया। रेलवे की संपत्ति को किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है।

### तत्कालीन कार्यपालन यंत्री को पांच साल कैद

**खरगोन।** मप्र के खरगोन जिले की एक विशेष अदालत ने तत्कालीन कार्यपालन यंत्री कैलाशचंद्र परवाल को दोषी ठहराते हुए पांच साल के सश्रम कारावास और 25 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। 24 साल पुराने आय से अधिक संपत्ति के एक मामले में यह सजा सुनाई गई। परवाल के खिलाफ मामला वर्ष 2002 में दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि छह सितंबर 2002 को धार निवासी शैलेन्द्र जोशी ने लोकायुक्त में शिकायत की थी कि तत्कालीन कार्यपालन यंत्री परवाल ने उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत मांगी है।



# सीएम-मंत्रियों की 'आवाज' निकालकर ठगे करोड़ों रुपए

### जिला विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है आरोपी

एजेंसी ▸▸ गुवाहटी

असम में राज्य सिविल सर्विस के एक अफसर पर करोड़ों रुपए की ठगी के आरोप लगे हैं। आरोपी देवेश्वर बोरा धेमाजी जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) के पद पर हैं। शिकायत के मुताबिक, उन्होंने सरकारी ठेका, नौकरी और शराब की दुकान का लाइसेंस दिलाने के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए ठगे। सीएम विजिलेंस ने बोरा को मंगलवार को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि ठगी का सिलसिला साल 2011 से चल रहा था। जांच के दौरान सीएम हिमंत बिस्वा सरमा सहित कई बड़े नेताओं और मंत्रियों की आवाज की नकल कर लोगों को फोन करवाने की बात भी सामने आई है। विजिलेंस के अनुसार, बोरा ने एक व्यक्ति से 2 करोड़ और दूसरे से 50 लाख लिए। उन पर राजनीतिक नेता रमेन बरठाकुर से भी 50 लाख रिश्वत मांगने का आरोप है। इसके अलावा सरकारी बंगले की मरम्मत कराने के बाद ठेकेदार को भुगतान नहीं करने की शिकायत भी सामने आई है। मामले में पीड़ितों की संख्या बढ़ने का अनुमान है।



### बड़े नेताओं की आवाज में फोन कर जीतता था भरोसा

सीएम विजिलेंस की एसएसपी रोजी कलिता के मुताबिक, बोरा लोगों को अपनी ऊंची पहुंच का भरोसा दिलाता था। पीड़ितों ने जांच के दौरान बताया कि बोरा उन्हें बड़े नेताओं और मंत्रियों से फोन पर बात करवाता था। आरोप है कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई, मुख्य सचिव और दूसरे बड़े नेताओं-मंत्रियों की आवाज की नकल कर फोन किए जाते थे। इससे लोगों को लगता था कि बोरा की सत्ता के बड़े लोगों तक सीधी पहुंच है और वह उनका काम करवा सकता है।

*वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप*

# पटवारी ने बुजुर्ग की पीठ पर बैठकर पार की नदी

एजेंसी ▸▸ सीधी

मध्य प्रदेश के सीधी जिले की माटा ग्राम पंचायत से एक हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। बुधवार सुबह से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में माटा ग्राम पंचायत के पटवारी नीलेश नामदेव एक बुजुर्ग की पीठ पर बैठकर छोटी नदी पार करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद मामले को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

जानकारी के मुताबिक, करीब एक साल पहले सर्दियों के मौसम में लालवा केवट की फसल को भालू समेत अन्य जंगली जानवरों ने नुकसान पहुंचाया था। इसके अलावा उनके घरों को भी जंगली जानवरों द्वारा नुकसान पहुंचाए जाने की बात सामने आई थी। इसी मामले में सर्वे करने के लिए पटवारी नीलेश नामदेव उनके घर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि लालवा केवट के घर तक पहुंचने के रास्ते में छोटी नदी पड़ती है।



### वीडियो की कराई जा रही जांच

सीधी कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि वीडियो अभी वायरल हुआ है। मामले की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल वीडियो की जांच कराई जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*नासा की अंतरिक्षयात्री ने बेंगलुरू में साझा किए विचार*

# अंतरिक्ष में एक सवाल का जवाब तलाशना भी बन जाता है मिशन!

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में आयोजित एक खास स्पेस एक्सपो में भारतीय मूल की नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में अपने अनुभवों और भविष्य की अंतरिक्ष यात्रा को लेकर कई अहम बातें शेयर कीं। उन्होंने बताया कि धरती पर बेहद सामान्य लगने वाली कुछ सुविधाएं अंतरिक्ष में कितनी बड़ी चुनौती बन जाती हैं। साथ ही उन्होंने भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को लेकर भी भरोसा जताया। क्रू पार्टनरशिप के उपाध्यक्ष, विशाल अंतरिक्ष टॉम शेली, ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री अंगद प्रताप के साथ सुनीता ने विस्तार से चर्चा की। एक्सपो के दौरान एक छात्र के सवालों के भी सुनीता ने जवाब दिए।

### सुनीता विलियम्स ने शेयर की अपनी स्पेस जर्नी



**केवल प्रयोग की जगह नहीं :** स्पेस एक्सपो के सेशन 'द नेक्स्ट चैप्टर ऑफ स्पेसः अ कन्वर्सेशन ऑन एक्सप्लोरेशन, साइंस एंड इनोवेशन' में विलियम्स ने कहा कि आने वाले समय में बनने वाले स्पेस स्टेशन सिर्फ रहने और प्रयोग करने की जगह नहीं होंगे, बल्कि उनमें ऐसी तकनीकें भी विकसित करनी होंगी, जो अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर मौजूद सुविधाओं पर कम निर्भर बनाएं।

### 'अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की चुनौती के लिए भारत तैयार'

अपने करियर को याद करते हुए सुनीता विलियम्स ने कहा कि वह खुद को बेहद भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) के निर्माण में हिस्सा लेने और दुनिया के अलग-अलग देशों के अंतरिक्ष यात्रियों के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि स्पेस स्टेशन का निर्माण कोई आसान काम नहीं था, लेकिन भारत भी इस चुनौती के लिए तैयार है। उनके मुताबिक भारत के साथ-साथ दुनिया भर की व्यावसायिक कंपनियां भी भविष्य में स्पेस स्टेशन बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। उन्होंने वीएएसटी का भी उदाहरण दिया, जो भविष्य में स्पेस स्टेशन बनाने वाली कंपनियों में शामिल है।

### धरती पर फोन से मिल जाता है जवाब, अंतरिक्ष में आसान नहीं

जब उनसे पूछा गया कि धरती पर ऐसी कौन-सी चीज है जिसे हम बेहद सामान्य मानते हैं, लेकिन अंतरिक्ष में वह उपलब्ध नहीं होती, तो सुनीता विलियम्स ने एक दिलचस्प उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि धरती पर जब भी हमारे मन में कोई सवाल आता है तो हम फोन निकालकर तुरंत उसका जवाब खोज लेते हैं। लेकिन इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर ऐसा करना उतना आसान नहीं है।

*कच्चे तेल की रफ्तार का दिखा बड़ा असर*

# शेयर बाजार में हाहाकार, डूबे 3.34 लाख करोड़

एजेंसी ▸▸ मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई। बीएसई सेंसेक्स 813 अंक लुढ़क कर तीन महीने के निचले स्तर पर आ गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,450 अंक के नीचे फिसल गया। इस गिरावट ने निवेशकों को एक ही दिन में तगड़ा झटका दिया। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का इसके कारण कुल मार्केट कैप 4,87, 64, 321.471 करोड़ रुपए से घटकर 4, 84,30,038.16 करोड़ रुपए रह गया। इस तरह निवेशकों की कुल संपत्ति में 3,34,283.311 करोड़ की कमी आई। कारोबारियों के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी, दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी), वित्तीय सेवाएं और तेल एवं गैस कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और विदेशी निवेशकों की नए सिरे से पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार

पश्चिम एशिया में तेल संयंत्रों और टैंकर पर हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमत करीब छह सप्ताह में पहली बार 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। इन हमलों से पहले से कमजोर आपूर्ति श्रृंखला के और प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।



### रुपया 34 पैसे टूटकर 95.08 प्रति डॉलर पर

रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 34 पैसे टूटकर 95.08 के स्तर पर रहा। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से महंगाई और विदेशी मुद्रा के अधिक बाहर जाने की आशंका से रुपये पर दबाव रहा। कमजोर शेयर बाजार और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से भी रुपये पर दबाव बढ़ा।

### पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा

पश्चिम एशिया में बिगड़ते हालात ने क्रूड की सप्लाई को लेकर चिंताएं बढ़ा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यमन में ईरान समर्थित हूती लड़ाकों ने सऊदी अरब के कई शहरों को निशाना बनाया है। दूसरी तरफ अमेरिकी सेना ने ईरान के कई तेल टैंकरों पर हमला किया, जबकि ईरान ने जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया।

### बढ़ सकती है महंगाई की रफ्तार

कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन के दाम भी बढ़ सकते हैं। इससे यात्रा की लागत बढ़ने के साथ-साथ ताजा खाद्य पदार्थों और फर्नीचर तथा घरेलू उपकरणों जैसी लंबी दूरी तक भेजी जाने वाली वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ सकता है।

*मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल*

# भाजपा 17 से शुरू करेगी 'सेवा संकल्प' अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को घोषणा की कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के मौके पर और 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर महीने भर का 'सेवा संकल्प' अभियान शुरू करेगी, जिसके तहत युवा संपर्क और जनभागीदारी पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी का जन्मदिन 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा



कि 'सेवा और समर्पण' की मोदी की यात्रा तथा अंतिम व्यक्ति तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उनके प्रयासों को रेखांकित करने के लिए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था पर दबाव डालेगा कच्चे तेल का बढ़ता मूल्य

मध्य-पूर्व में बढ़े तनाव के बीच कच्चे तेल का 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचना भारत के लिए किसी मामूली आर्थिक खबर की तरह नहीं देखा जा सकता। भारत की अर्थव्यवस्था भले ही आज पहले के मुकाबले अधिक मजबूत और सक्षम हो, लेकिन उसकी ऊर्जा जरूरतों की एक बड़ी निर्भरता अब भी आयातित तेल पर है। इसलिए दुनिया के किसी हिस्से में युद्ध या तनाव बढ़ता है और कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर के पार जाती है तो उसकी तपिश भारत के बाजार से लेकर आम आदमी की रसोई तक महसूस की जा सकती है। दिलचस्प यह है कि महंगे तेल की यह चुनौती ऐसे समय आई है जब भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया है। अप्रैल से जून की तिमाही में भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह आंकड़ा बताता है कि घरेलू मांग, विनिर्माण और सेवाओं के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी तेज गति से आगे बढ़ रही है। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने का सबसे पहला और सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। पेट्रोल और डीजल केवल कार और मोटरसाइकिल चलाने के लिए जरूरी नहीं हैं। देश में माल ढुलाई से लेकर कृषि, निर्माण और उद्योग तक का बड़ा हिस्सा पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भर है। महंगाई का सबसे ज्यादा दबाव उस मध्यवर्ग पर पड़ता है जिसके पास इससे बचने के सीमित रास्ते हैं। दूसरी बड़ी चिंता रुपये पर दबाव है। भारत कच्चे तेल के लिए डॉलर में भुगतान करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने का अर्थ है कि समान मात्रा में तेल खरीदने के लिए भारत को अधिक डॉलर खर्च करने होंगे। इससे डॉलर की मांग बढ़ती है और रुपये पर दबाव आ सकता है। रुपया कमजोर हुआ तो तेल के साथ-साथ कई दूसरे आयात भी महंगे हो सकते हैं। इसका असर उद्योगों की लागत और अंततः उपभोक्ता कीमतों पर दिखाई देगा। तीसरा असर देश के चालू खाते और व्यापार घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल का मतलब बड़ा आयात बिल है। भारत को जितना ज्यादा पैसा तेल के आयात पर खर्च करना पड़ेगा, उतना ही दबाव उसके बाहरी क्षेत्र पर बढ़ेगा। हालांकि भारत का मजबूत सेवा निर्यात और विदेशी मुद्रा भंडार इस झटके को सहने की क्षमता देते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि महंगे तेल का कोई असर नहीं होगा। सरकार के सामने सबसे कठिन सवाल घरेलू ईंधन कीमतों को लेकर होगा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होने के बावजूद यदि पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा जाता है तो तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ेगा। यदि कीमतें बढ़ाई जाती हैं तो आम उपभोक्ता पर बोझ बढ़ेगा। सरकार को इन दोनों के बीच ऐसा संतुलन बनाना होगा जिससे न तो कंपनियों की वित्तीय स्थिति बिगड़े और न ही महंगाई को अनावश्यक ईंधन मिले। दुनिया में जब भी भू-राजनीतिक तनाव बढ़ेगा, तेल की कीमतें भारतीय अर्थव्यवस्था की परीक्षा लेंगी। इसका स्थायी समाधान केवल कीमतों को नियंत्रित करना नहीं, बल्कि आयातित तेल पर निर्भरता घटाना है। ऊर्जा के स्रोत जितने विविध होंगे, भारतीय अर्थव्यवस्था उतनी ही सुरक्षित होगी। फिलहाल तस्वीर के दोनों पहलू सामने हैं। एक तरफ 7.8 प्रतिशत की तेज आर्थिक वृद्धि भारत की मजबूती की कहानी कह रही है, दूसरी तरफ 100 डॉलर का कच्चा तेल दुनिया की अस्थिरता की याद दिला रहा है। चुनौती यह है कि तेल की आग विकास की रफ्तार तक न पहुंचे। भारत ने आर्थिक मजबूती हासिल करने में लंबा सफर तय किया है। अब परीक्षा इस बात की है कि वह वैश्विक ऊर्जा झटकों से अपनी इस रफ्तार को कितनी कुशलता से बचा पाता है।



मुद्दा
प्रणय कुमार

# मानवता व विरोध का वैचारिक ईकोसिस्टम

पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

मानवाधिकार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और परमाणु अप्रसार जैसे मुद्दों पर पश्चिमी जगत लंबे समय से स्वयं को वैश्विक नैतिकता का पहरेदार बताता आया है। जब इन्हीं आदर्शों को वास्तविक आचरण की कसौटी पर परखा जाता है, तो कथित नैतिक श्रेष्ठता के पीछे छिपे उसके दोहरे मापदंड बार-बार उजागर होते हैं। विडंबना यह है कि यह विरोधाभास अब केवल उसकी विदेश नीति अथवा वैश्विक राजनीति तक सीमित नहीं रहा। पश्चिमी समाजों में वाम-उदारवादी विचारधारा और कट्टरपंथी-जिहादी राजनीति के बीच बढ़ता वैचारिक सामंजस्य स्वतंत्रता, बहुलता, धर्मनिरपेक्षता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल्यों की व्याख्या को भी प्रभावित करता दिखाई दे रहा है। जिस अमेरिका ने दशकों तक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अपने लोकतंत्र की आत्मा और असहमति के अधिकार को अपनी सभ्यतागत पहचान बताने का दंभयुक्त दावा किया, उसी अमेरिका में अब किसी विचार, संगठन अथवा व्यक्ति की स्वीकार्यता कई बार इस बात से तय होती दिखाई देती है कि वह उसके प्रचलित वैचारिक आख्यान के अनुकूल है या उसके प्रतिकूल। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में पिछले दिनों आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' इसी बदलते विमर्श का उल्लेखनीय उदाहरण है।

विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक समुदायों के बीच संवाद, सह-अस्तित्व और सार्वभौमिक एकता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का संबोधन हुआ। आयोजन 'अमेरिकन हिंदूज़ फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' द्वारा किया गया था और इसे विभिन्न हिंदू-अमेरिकी संगठनों का समर्थन प्राप्त था। अमेरिका के लगभग 39 राज्यों, 853 शहरों तथा 31 देशों से आए लगभग 6,000 प्रतिनिधियों और 250 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों की सहभागिता ने इसकी व्यापकता को रेखांकित किया। इसके बावजूद न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने कार्यक्रम के प्रति सार्वजनिक असहमति जताई और 61 संगठनों ने कार्यक्रम रद्द करने की मांग की। कार्यक्रम अंततः संपन्न हुआ और अपने घोषित उद्देश्य में पूर्णतया सफल रहा, लेकिन इससे एक मूलभूत लोकतांत्रिक प्रश्न उठा, क्या किसी वक्ता को सुने बिना ही उसके विचारों और संगठन को 'बहिष्कारी' अथवा अस्वीकार्य घोषित कर देना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और बहुलतावाद की उस उदार परंपरा के अनुरूप है, जिन्हें पश्चिम लंबे समय से वैश्विक मानक के रूप में प्रस्तुत व प्रचारित करता रहा है? विरोध की इस शृंखला में 'हिंदूज़ फॉर ह्यूमन राइट्स' (एचएफएचआर) भी प्रमुख रूप से सक्रिय था। घोर आश्चर्य है कि जिस संगठन के नाम के साथ 'हिंदूज' जुड़ा है, वह भारत, हिंदुत्व और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुद्दों पर आलोचनात्मक अभियानों का संचालन करता रहा है। इस संगठन के वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार इसके सलाहकार सदस्यों में तीस्ता सीतलवाड़, फादर आनंद मैथ्यू, सैयदा हमीद, स्वरा भास्कर, अपूर्वानंद, हर्ष मंदर आदि के नाम सम्मिलित हैं। इससे सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि संघ-प्रमुख मोहन भागवत के कार्यक्रम के विरुद्ध वह क्यों खड़ी थीं?




विरोध करने वाले 61 संगठनों की सूची में 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' (आईएएमसी), 'जस्टिस फॉर ऑल', 'इंटरफेथ सेंटर ऑफ न्यूयॉर्क' सहित अनेक धार्मिक, नागरिक अधिकार और एक्टिविस्ट संगठन दिखाई देते हैं। आईएएमसी और इसके प्रमुख मुहम्मद जवाद भारत में हिंदुत्व, संघ और मोदी सरकार से जुड़े मुद्दों पर लंबे समय से विरोधी अभियान चलाते रहे हैं। गाजा और इजरायल के प्रश्न पर भी उनका रुख अत्यंत मुखर रहा है। 'जस्टिस फॉर ऑल' के अध्यक्ष अब्दुल मलिक मुजाहिद लंबे समय से अमेरिकी मुस्लिम एक्टिविज्म और अंतर्धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। इसी संदर्भ में न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी की भूमिका भी प्रश्नों के घेरे में आती है। वे भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा इजरायल से जुड़े प्रश्नों पर भी मुखर राजनीतिक रुख अपनाते रहे हैं।

इसलिए यह पूछना असंगत नहीं होगा कि उनकी निष्ठा लोकतांत्रिक परंपराओं व मान्यताओं में है या मज़हबी रिवाजों, तक़रीरों व यकीनों में? विरोध के इसी क्रम में 26 अगस्त को अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) के अध्यक्ष आसिफ महमूद द्वारा डॉ. मोहन भागवत की अमेरिका यात्रा के संदर्भ में भारत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर लगाए गए गंभीर आरोप तथा संघ से जुड़े लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के समर्थन ने इस विमर्श के पीछे सक्रिय टूलकिट की सच्चाई सामने रखी। भारत पर आयोग के पूर्ववर्ती वक्तव्यों और सुनवाइयों में सीएए, एनआरसी, जम्मू-कश्मीर, उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे विषयों को धार्मिक स्वतंत्रता के विमर्श से जोड़ा जाता रहा है। इस पूरी शृंखला को केवल अलग-अलग संगठनों की स्वतंत्र प्रतिक्रियाओं के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। न्यूयॉर्क की स्थानीय राजनीति, एक्टिविस्ट संगठनों, भारत-केंद्रित मुस्लिम एवं मानवाधिकार समूहों और धार्मिक-स्वतंत्रता संस्थाओं की भूमिकाओं को एक साथ रखने पर एक ऐसा वैचारिक ईकोसिस्टम दिखाई देता है, जिसमें अलग-अलग मंचों से उठने वाले आरोप और नैरेटिव कई बार एक-दूसरे को पुष्ट करते हैं। एक मंच पर लगाया गया आरोप दूसरे मंच पर संदर्भ बनता है, दूसरा मंच उसे वैधता देता है और अंततः वही आरोप सार्वजनिक विमर्श में स्थापित तथ्य की तरह प्रस्तुत होने लगता है। इन समस्त विरोधों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि स्वयं डॉ. मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में क्या कहा? उन्होंने 'अस्तित्व की एकता' को अपनी विश्व-दृष्टि का आधार बताया और स्पष्ट किया कि एकता के लिए एकरूपता आवश्यक नहीं है। उनके अनुसार मनुष्य की श्रेष्ठता दूसरों पर प्रभुत्व में नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व के प्रति अपने दायित्व को समझने में है। न्यूयॉर्क से उनका यह संदेश भारत की उस दीर्घ सभ्यतागत दृष्टि का वैश्विक प्रतिपादन था, जिसमें 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना निहित है।

विडंबना यह है कि जिस मंच से एकता, संवाद, सह-अस्तित्व और मानवता का संदेश दिया जाना था, उसी मंच के वक्ता के विचार सुने बिना उसके विरोध में अभियान चलाया गया। किसी व्यक्ति के विचारों से असहमति लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन उसे सुने बिना ही अस्वीकार्य घोषित कर देना बहुलतावाद की मूल भावना पर प्रश्नचिह्न लगाता है। लोकतंत्र की वास्तविक परीक्षा सहमति में नहीं, असहमति को सहने की क्षमता में होती है। पश्चिमी लोकतंत्रों की परिपक्वता की एक कसौटी यह भी होनी चाहिए कि वे अपने समाजों में उभरते वामी-जिहादी गठजोड़ को पहचानें और उसकी विभाजनकारी एवं कट्टरपंथी प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं, ताकि कलह, वैमनस्य और संघर्ष से पीड़ित विश्व को वास्तविक शांति और सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग मिल सके।

(लेखक,शिक्षाविद एवं वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मेजबानी
डॉ. मोनिका शर्मा



# भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बढ़ता महत्व

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आज दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में गिना जाता है। महिलाओं के पेशेवर क्रिकेट खेलने को पुरुषों के समान ही महत्व मिलने लगा है। अब न केवल मैदान में बल्ला घुमाती बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदली है, बल्कि महिलाओं का खेल देखने में भी रुचि बढ़ी है। ऐसे में भारत को पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलना क्रिकेट के खेल में महिलाओं के बढ़ते दखल और महिला क्रिकेट के बढ़ते महत्व से जुड़ा सुखद समाचार है। पहली बार होने जा रहे महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का आयोजन 14 से 28 फरवरी तक होगा। गौरतलब है कि आईसीसी महिला चैंपियंस ट्रॉफी-2027 से पहले महिला आईसीसी के महिला क्रिकेट से जुड़े दो ही आयोजन होते रहे हैं। ऐसे में वनडे विश्व कप और टी20 विश्व कप के साथ अब महिला चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन होना, महिला क्रिकेट से ही नहीं खेल-जगत से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कदम भी है। दरअसल, कुछ साल पहले बीसीसीआई से अनुबंधित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों को पुरुषों के बराबर मैच फीस मिलने के निर्णय के बाद से इस मोर्चे पर बड़ा बदलाव देखा गया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा वर्ल्ड कप में पुरुषों और महिलाओं को समान पुरस्कार राशि दिए जाने का निर्णय भी अहम भी रहा। असल में पुरुष क्रिकेट भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में दशकों से एक लोकप्रिय खेल बना हुआ है। पुरुषों के मुकाबले इस खेल में महिलाओं की भागीदारी की ओर ध्यान जरा कम रहा है। गौरतलब है कि दुनिया का पहला महिला क्रिकेट विश्व कप 1973 में इंग्लैंड में आयोजित किया गया था। वहीं पुरुषों के पहले क्रिकेट विश्व कप का आयोजन 1975 में हुआ। महिला क्रिकेट विश्व कप का आयोजन दो वर्ष पहले होने एक बावजूद इस खेल में पुरुषों के मुक़ाबले कम ही चर्चा मिली। लोगों का रुझान भी बहुत धीमी गति से बढ़ा। आगे चलकर इंटरनेशनल महिला क्रिकेट परिषद का विलय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में हुआ। इससे महिला क्रिकेट को पुरुषों के समान संसाधन, मीडिया कवरेज और वैश्विक मंच मिलना शुरू हुआ। भारत में 2006 में भारतीय महिला क्रिकेट संघ का विलय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड में होने के बाद से महिला क्रिकेटरों को बेहतर सुविधाएं और अच्छे अनुबंध मिलने शुरू हुए। उस समय यह अनुमान लगाना भी मुश्किल था कि बीसीसीआई के भावी निर्णय और महिला खिलाड़ियों की लगन इस खेल को इतनी ऊंचाई पर ले जाएंगे। हालिया वर्षों में शुरू हुए टी20 और आईपीएल आयोजनों के बाद से महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की बहुत प्रभावी पहचान बन गई है। कुछ समय पहले आई आईसीसी की महिला वनडे रैंकिंग के अनुसार स्मृति मंधाना दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज हैं। इन दिनों दुबई में चल रहे महिला एशिया कप-2026 में भी हमारी टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। ध्यातव्य है कि भारत में 2017 में आईसीसी महिला विश्व कप के फाइनल में भारतीय टीम के पहुंचने के बाद से ही महिला क्रिकेट को गंभीरता से लिया जाने लगा। अपने बेहतरीन प्रदर्शन को कायम रखते हुए हमारी महिला टीम 2020 में टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भी पहुंची थी। साथ ही 2022 में बर्मिंघम में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में भी टीम ने रजत पदक हासिल किया था। आईसीसी महिला एक दिवसीय विश्व कप-2025 का खिताब भी हमारी महिला क्रिकेट टीम ने जीता था। इतना ही नहीं, अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भी भारतीय टीम ने भी वैश्विक स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के साथ ही महिला क्रिकेटर अपने खेल का दमखम घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मैदानों पर जमकर दिखा रही हैं। ऐसी उपलब्धियों के चलते ही कभी पुरुषों का खेल माने जाने वाले क्रिकेट में अब महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की खूब चर्चा होने लगी है। देखने में भी आ रहा है कि अब भारत में अधिक संख्या में महिलाएं क्रिकेट खेल रही हैं। घर-परिवार में भी बेटियों के इस खेल से जुड़ने के मोर्चे पर सहजता आई है। हर पहलू पर हो रहे सकारात्मक बदलाव का ही परिणाम है कि दर्शक भी बड़े पैमाने पर महिला मुकाबलों में रुचि लेने लगे हैं। 2025 में घरेलू मैदान पर अपना पहला महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम हर आयोजन में अपनी बेहतरीन क्षमता का परिचय दे रही है। स्पष्ट है कि महिला चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी से महिला क्रिकेट को लेकर आमजन का रुझान और रोमांच और बढ़ेगा। भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और श्रीलंका की टीमों की हिस्सेदारी वाले इस आयोजन से देश ही नहीं, दुनियाभर में महिला खिलाड़ियों के मान-मनोबल की चर्चा होगी। बेटियों को क्रिकेट के खेल से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि। एक अनपढ़ मनुष्य को कोई ज्ञान नहीं होता, पर वह थोड़ा बहुत भावना प्रधान होता है।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली संभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जहरीली शराब से मौतें, जिम्मेदार कौन?

बहुत ही निंदनीय है कि मध्य प्रदेश में लापरवाही कुछ लोगों की जान पर भारी पड़ गई। यह लापरवाही सरकार, प्रशासन और खुद नशा करने वाले लोगों की मानी जा सकती है। यहां जहरीली शराब बहुत से लोगों की जान की दुश्मन बन गई। हमारे देश में नशा बहुत से लोगों की जान पर भारी पड़ता आ रहा है, लेकिन सरकारें और प्रशासन इस पर कोई खास गंभीर नहीं दिखते, तभी तो देश में जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी चिंताजनक स्थिति में है। एक तरफ सरकारें नशे पर नकेल कसने के दावे करती हैं, लेकिन वहीं दूसरी तरफ जहरीली शराब का दानव समय-समय पर सिर उठाकर सैकड़ों लोगों को मौत की नींद जब सुलाता है तो इन सभी खोखले दावों की हकीकत को बयां कर देता है। *- राजेश वर्मा, कांकेर*

## ट्रेंड

### मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 3 मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इन प्रोजेक्ट्स से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 656 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी। इनकी अनुमानित लागत 10,783 करोड़ है।

- **नितिन गडकरी**, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री



### समान भागीदार

महिलाएं अब केवल शिक्षा और रोजगार के अवसरों तक ही सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि अपनी आबादी के अनुपात में हर क्षेत्र में समान भागीदार बनेंगी। इसके लिए डबल-इंजन सरकार अपने सभी कार्यक्रमों को लगातार आगे बढ़ा रही है।

- **योगी आदित्यनाथ**, सीएम, यूपी



### कानून-व्यवस्था नहीं

मणिपुर के जाने-माने संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह जी की भीड़ द्वारा बेरहमी से की गई हत्या, बीजेपी के शासन में पूरी तरह से कानून-व्यवस्था के न होने की एक और डरावनी याद दिलाती है। छात्र सुरक्षित नहीं हैं। महिलाओं को हर दिन अत्याचार का सामना करना पड़ता है।

- **मल्लिकार्जुन खरगे**, अध्यक्ष, कांग्रेस



### बाहर जाने की मनाही

जो लोग कहते हैं कि मैं भारत आने से इनकार करने वाला भगोड़ा हूँ, उन्हें बता दूँ कि मैं 1992 से यूनाइटेड किंगडम का स्थायी निवासी हूँ और अभी कानूनी तौर पर मुझे इस देश से बाहर जाने की मनाही है।

- **विजय माल्या**, पूर्व राज्यसभा सदस्य



## करंट अफेयर

# ब्रिटेन ने साइबर हमले की आशंका से किया इनकार

ब्रिटेन की राष्ट्रीय हवाई यातायात सेवा (एनएटीएस) ने बुधवार को इस बात से इनकार किया कि देश के हवाईअड्डों पर बड़े पैमाने पर हुए व्यवधान का कारण साइबर हमला था। इस व्यवधान से भारत आने-जाने वाली कई उड़ानें भी प्रभावित हुईं। मंगलवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में आई तकनीकी समस्या के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ और करीब 2,000 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। इसके दुष्प्रभाव दूसरे दिन भी जारी रहे। इस व्यवधान के कारण हजारों यात्रियों को दिक्कत हुई। ब्रिटेन के सबसे व्यस्त हीथ्रो हवाई अड्डे के अलावा गैटविक, स्टैनस्टेड, ल्यूटन और मैनचेस्टर हवाई अड्डों पर भी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं और देरी हुई।



एनएटीएस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्टिन रॉल्फ ने बीबीसी से कहा, 'हम बहुत गहन जांच करेंगे। फिलहाल, हमने साइबर हमले की आशंका को खारिज किया है।' उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हमने इससे पहले कभी ऐसी घटना देखी है जो एक से अधिक बार हुई हो। यह ऐसी घटना होगी, जिसे हमने 50 से अधिक वर्षों के संचालन में नहीं देखा है। मैं कहूंगा कि सुरक्षा और आपदा से निपटने की क्षमता, दोनों के लिहाज से ब्रिटेन की दुनिया में सबसे अच्छी साख है।'

## ऑफ बीट

# स्वीडन में पूंजीपतियों को लेकर नजरिया बदल रहा

फर्नीचर कंपनी आईकिया के संस्थापक इंग्वार कम्पराड के मामले में स्वीडन के लोगों को यह बात खास तौर पर पसंद थी कि वह पुरानी कार चलाते थे



(स्वाभाविक रूप से वोल्वो)। वह अपने स्टोर में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच जाकर उनसे बातचीत करते थे और हर साल खुद उन्हें क्रिसमस के तोहफे देते थे। उनका यह साधारण दिखने का अंदाज (जिसे कुछ लोग सोची-समझी रणनीति भी कह सकते हैं) लोगों का ध्यान इस बात से हटा देता था कि कम्पराड दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक थे और स्वीडन के ऊंचे करों से बचने के लिए स्विट्जरलैंड चले गए थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' ने स्वीडन में आए हैरान करने वाले पूंजीवादी कायापलट पर लिखा है और 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने इस धारणा पर खबर की है कि यह देश अब अरबपतियों से भरा गया है। बीबीसी ने 2024 में 'सुपर-रिच स्वेड्स' नाम से एक वृत्तचित्र पॉडकास्ट भी प्रसारित किया। और इस दिलचस्पी के पीछे ठोस वजहें हैं। लंबे समय तक स्वीडन दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में शामिल रहा, लेकिन पूंजी और संपत्ति पर कर लगाने के मामले में अब स्थिति अलग है। मसलन, देश में अब संपत्ति कर, विरासत कर या अचल संपत्ति कर नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



# 2000 फ्लाइट कैंसल, ढाई लाख यात्री हलाकान

## ब्रिटेन में एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में तकनीकी खराबी का दूसरा दिन

**लंदन।** ब्रिटेन में हवाई सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम में आई तकनीकी खराबी के बाद बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी फ्लाइट्स की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। दो दिनों में 2,000 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल हो चुकी हैं, जबकि बड़ी संख्या में उड़ानें घंटों देरी से चल रही हैं। इसका असर ब्रिटेन के कई बड़े एयरपोर्ट्स पर देखने को मिल रहा है। हीथ्रो, गेटविक, मैनचेस्टर और स्टैनस्टेड जैसे एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की भीड़ और अव्यवस्था का माहौल है। 250,000 से ज्यादा यात्रियों को अपनी फ्लाइट के बारे में घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ को एयरपोर्ट पर ही रात गुजारनी पड़ी।



कई यात्री जहां जगह मिली वहीं सो गए

### नाट्स में आई तकनीकी खराबी

ब्रिटेन में यह संकट मंगलवार को नेशनल एयर ट्रैफिक सर्विस (नाट्स) के सिस्टम में आई तकनीकी समस्या के बाद शुरू हुआ। नाट्स ब्रिटेन के 15 एयरपोर्ट्स के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेवाएं उपलब्ध कराता है। तकनीकी समस्या अब ठीक हो चुकी है, लेकिन इसका असर अभी खत्म नहीं हुआ है। बड़ी संख्या में फ्लाइट्स रद्द होने और दूसरी उड़ानों में देरी के कारण पूरा एयर ट्रैवल सिस्टम प्रभावित है। अन्य देशों में भी इस संकट का असर देखा गया है।

सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा

# 'मैरिटल रेप को अलग अपराध बनाना संसद का काम है सुप्रीम कोर्ट का नहीं'

## इस मामले में 3 हफ्ते बाद होगी अंतिम सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को मैरिटल रेप को अपराध घोषित करने की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई। केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि मैरिटल रेप को अलग अपराध बनाना संसद और कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र का विषय है, सुप्रीम कोर्ट का नहीं। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना बेंच ने मामले की अंतिम सुनवाई 3 हफ्ते बाद शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने बुधवार और गुरुवार को इस मामले की सुनवाई के लिए तय किया है। दरअसल, पूरा मामला पत्नी की इच्छा के खिलाफ पति के संबंध बनाने को रेप मानने को लेकर है। मौजूदा कानून के अनुसार, अगर पत्नी की उम्र 18 साल या उससे ज्यादा है, तो उसकी इच्छा के खिलाफ संबंध रेप नहीं माना जाएगा। इसे मैरिटल रेप की कानूनी छूट कहा जाता है। यह चुनौती भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 63 के अपवाद 2 पर आधारित है, जो पुराने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 से मैरिटल रेप से जुड़े अपवाद का विस्तार है। इसके अनुसार, अगर कोई पुरुष अपनी पत्नी के साथ संबंध बनाता है, तो इसे रेप नहीं माना जाएगा, बशर्ते पत्नी की उम्र 18 साल से कम न हो। यह मानते हुए कि महिलाओं की सुरक्षा जरूरी मुद्दे हैं, जस्टिस बागची ने पूछा कि क्या राज्य इसे रेप मानता है या नहीं? केंद्र की ओर से पेश होते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मैरिटल रेप को अपराध घोषित करना संसद का काम है, न कि सुप्रीम कोर्ट का।



### 2022 में आया था मामला

*यह मामला पहले 2022 में दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा था। हाईकोर्ट के दो जजों ने इस पर अलग-अलग राय दी थी। जस्टिस राजीव शकधर ने मैरिटल रेप की छूट को असंवैधानिक माना था। वहीं, जस्टिस सी. हरिशंकर ने इस छूट को सही माना था और कहा था कि पति-पत्नी के रिश्ते को कानून में अलग तरीके से देखने का आधार है। दोनों जजों की अलग-अलग राय के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।*

सीजेपी प्रदर्शन मामला
सीजेआई ने लगाई फटकार

# मजिस्ट्रेट की हिम्मत कैसे हुई छात्र को नोटिस देने की?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नोएडा के गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षत त्रिपाठी को 5 लाख का नोटिस देने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। इस मामले को लेकर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने नोएडा प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि जब सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश था कि किसी छात्र पर कोई एक्शन नहीं होगा, फिर मजिस्ट्रेट की इतनी हिम्मत कैसे हुई कि वो नोटिस जारी करे। मजिस्ट्रेट कैसे हमारे आदेश का उल्लंघन कर सकते हैं? सुप्रीम कोर्ट इस बारे में मजिस्ट्रेट से स्पष्टीकरण मांगेगा।



### जीबीयू के स्टूडेंट को जारी किया गया था नोटिस

रिपोर्ट के मुताबिक, विश्वजीत भट्टाचार्य ने कोर्ट को बताया कि एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के सेकंड ईयर के स्टूडेंट अक्षत त्रिपाठी को एक नोटिस जारी किया था। इसमें उनसे कारण बताने को कहा गया था कि शांति बनाए रखने के लिए उन्हें 5 लाख रुपये का पर्सनल बॉन्ड क्यों नहीं भरना चाहिए। वकील ने बताया कि बाद में यह नोटिस वापस ले लिया गया था।

### यह लगाया गया था आरोप

यह कार्रवाई एक पुलिस रिपोर्ट के आधार पर की गई थी। पुलिस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि अक्षत त्रिपाठी यूनिवर्सिटी के छात्रों के बीच 'सरकार-विरोधी और गुमराह करने वाली बातें' फैला रहे थे और उन्हें सीजेपी के प्रस्तावित धरने में शामिल होने के लिए उकसा रहे थे। इसमें यह भी कहा गया है कि उनकी इन कथित गतिविधियों से तनाव पैदा हुआ है।

# अमेरिका ने किया बड़ा हमला, पांच ईरानी तेल टैंकरों को किया नष्ट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने युद्धपोतों पर हुए ताजा हमलों के जवाब में ईरान के पांच तेल टैंकरों को नष्ट कर दिया। इसके बाद तेहरान ने जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया। छह महीने से अधिक समय से जारी युद्ध में दोनों पक्षों के बीच जवाबी हमलों की यह ताजा कड़ी है, जिससे दोनों देश एक बार फिर लड़ाई की ओर बढ़ते नजर आ रहे हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि अमेरिकी हमलों के बाद तेहरान ने जॉर्डन में अमेरिकी ठिकानों की ओर मिसाइलें दागीं। जॉर्डन की सेना ने बताया कि उसकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने उसके क्षेत्र की ओर दागी गई 18 बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही रोक दिया, जबकि दो अन्य मिसाइलें ऐसे स्थानों पर गिरीं जहां कोई आबादी नहीं थी। सेना ने कहा कि उसे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। जॉर्डन अमेरिका का घनिष्ठ सहयोगी है और वहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इसी वजह से जॉर्डन के सैन्य ठिकाने ईरान के हमलों का बार-बार निशाना बन रहे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि उसके पास इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

मिडिल ईस्ट में नए सिरे से छिड़ी जंग



### जारी किए टैंकरों के नाम

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, 'अमेरिकी युद्धपोत ने ईरान के हमले के प्रयासों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया और क्षेत्रीय जलक्षेत्र में गश्त जारी रखी। किसी भी अमेरिकी सैन्यकर्मी को नुकसान नहीं पहुंचा।' उसने बताया कि मंगलवार को नष्ट किए गए ईरानी तेल टैंकरों में ओमान की खाड़ी में मौजूद 'किविक', 'चारमीनार', 'होराइजन-1' और 'रिस्को' शामिल थे। अमेरिकी सेना ने 'दर्या' नामक पोत को भी नष्ट कर दिया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य में खार्ग द्वीप के पास था।


**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL) AU & PC, CSPGCL,**
Shed No. 2, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2576320 & 0771-2576324, website :www.cspc.co.in E-mail:- cecivil.aupc@gmail.com

No.03-15/W/ 51071 — Raipur, date 08.09.2026

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from eligible bidders fulfilling the eligibility criteria as mentioned below and having experience in Govt./Public Sector Undertaking/Local bodies/Power Generating Companies in India only for the following work :-

| Sl. No. | Tender Specification No. | Description | NIT value i/c GST (Rs.) | EMD (Rs.) | Completion period (incl. Rainy season) | Rfx No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | CEC/AU& PC/ HTPS-KW/W/ 2026/35 | Utilization of ash in eco-friendly manner in abandoned quarry/mines & low laying area from Ash Silo of 1x500 MW Extn. HTPS, CSPGCL, Korba West. | 456.37 Lacs | 4,57,000/- | 02 Months | 81000 54085 |

(i)Cost of tender form is Rs. 1180/- (Rs.1000/- + 18% GST). (ii) The due date & time for submission of bids, Tender Cost & EMD is 25.09.2026 (up to 15:00 Hrs) and bid opening date (Techno commercial bids) is 28.09.2026 (at 16:00) Hrs respectively. (iii)The tender document can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in: 50724/irj/portal. Note:- (i) The L-1 bidder shall be decided on overall cost to company basis including GST. (ii) In case, the rate quoted by the bidder is on abnormally lower side, a performance guarantee @5% of contract value i/c GST in addition to Security Deposit shall have to be deposited by the bidder. (iii) Maintenance period for the work shall be 12 Months. (iv) Subletting of contract will not be allowed.

//Save Electricity//

Chief Engineer (Civil) AU & PC,
CSPGCL, Raipur


## भारत रत्न वैज्ञानिक राव को एसआईआर का नोटिस

**बेंगलुरु।** भारत रत्न से सम्मानित और मशहूर वैज्ञानिक 92 वर्षीय प्रोफेसर सीएन आर राव को बुधवार को कर्नाटक में चल रही वोटर लिस्ट की 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) के तहत एक नोटिस मिला। यह नोटिस उनके नाम की स्पेलिंग में अंतर के कारण भेजा गया था। प्रोफेसर राव को भेजे गए नोटिस में नाम में अंतर को कारण बताया गया है। खबरों के मुताबिक, पुरानी वोटर लिस्ट में उनका नाम प्रोफेसर सीएनआर राव है, जबकि मौजूदा वोटर लिस्ट में उनके प्रोफेशनल टाइटल में एक अतिरिक्त 'एफ' है। इस अंतर की वजह से वोटर लिस्ट के वेरिफिकेशन प्रोसेस के तहत इस अनुभवी वैज्ञानिक से अपनी पहचान साबित करने के लिए कहा गया है। एसआईआर के तहत नाम में अंतर का मतलब उस अंतर से है जो तब आता है जब कोई वोटर एसआईआर एन्यूमरेशन फॉर्म भरते समय 2002 की वोटर लिस्ट की जानकारी का इस्तेमाल करता है, लेकिन वे जानकारी मौजूदा वोटर लिस्ट की जानकारी से मेल नहीं खाती हैं।

## मणिपुरी संगीतकार मर्डर पकड़े गए 7 आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 54 साल के मणिपुर मूल के संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंह की पीट-पीटकर हत्या के आरोप में पुलिस ने 7 लोगों को पकड़ा है। इनमें एक नाबालिग भी है। घटना 6 सितंबर 2026 की रात करीब 11:30 बजे की है। दक्षिण दिल्ली के आश्रम इलाके में रहने वाले विक्रम सिंह अपने घर के नीचे डिलीवरी बॉय और स्थानीय ढाबे के कर्मचारियों के तेज शोर और हंगामे पर आपत्ति जताने गए थे।


**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की
बिक्री के लिए बिक्री सूचना

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के अधीन अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

एतद्द्वारा आम जनता और विशेष रूप से कॉलम (ii) में वर्णित ऋणधारक(ओं) और सह-ऋणधारक(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम (iii) में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/बंधक हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे दिए गए विवरण के अनुसार देय राशि और ब्याज की वसूली के लिए ले लिया गया है, और चूंकि देय राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री द्वारा देय राशि की वसूली का प्रस्ताव करता है और इसे ' 'जैसा है जहां है' ',' 'जैसा है वैसा ही' ' और ' 'जो कुछ भी है' ' के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि वर्णित है। इसके अंतर्गत, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ता (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी ' 'ऑनलाइन' ' आयोजित की जाएगी।

| क्र सं. | ऋणधारक(ओं) एवं सह-ऋणधारक(ओं) के नाम | संपत्ति का पता | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना राशि | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि और समय | ईएमडी और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि और समय | अधिकृत अधिकारी का नंबर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | विनय कुमार शर्मा, गोपी कुमार शर्मा, शशि शर्मा | प्लॉट-1704/3/के/2, प.ह.नं. 53, मौजा निरतू, ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी मौजा सैदा, तहसील सकरी और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर - प्रस्तावित सड़क, दक्षिण - विक्रेता की भूमि। | 04-07-2026 | 12,66,363 | 05-09-2026 | 56,640 | 5,664 | 10-10-2026 (11am-6pm) | 08-10-2026 (upto 5pm) | 9022198002 |
| 2. | शुभम श्रीवास, खेमलाल श्रीवास | मकान-मौजा सैदा प.ह.नं.41 ख.नं.248/3 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व- गोविंद और कोमल का प्लॉट, पश्चिम-निस्तारी रास्ता, उत्तर- चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट, दक्षिण- चंद्रप्रकाश पांडे का प्लॉट। | 04-07-2026 | 11,47,600 | 05-09-2026 | 60,000 | 6,000 | 10-10-2026 (11am-6pm) | 08-10-2026 (upto 5pm) | 9022198002 |
| 3. | मनीष साव, पूजा साव | मकान-मौजा सैदा, प.ह.नं.41 ख.नं.248/3(भाग) तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी : पूर्व-निस्तारी रोड, पश्चिम-कुकरेजा की भूमि, उत्तर-दिलीप मानिकपुरी की भूमि, दक्षिण-श्रद्धा विश्वकर्मा की भूमि | 04-07-2026 | 13,40,535 | 05-09-2026 | 49,400 | 4,940 | 10-10-2026 (11am-6pm) | 08-10-2026 (upto 5pm) | 9022198002 |
| 4. | सेवाराम रात्रे, सुनीता रात्रे | फ्लैट-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख.नं.37/62 प.ह.नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, चौहद्दी: पूर्व-विक्रेता की भूमि, पश्चिम-रजक की भूमि, उत्तर-निस्तारी रास्ता दक्षिण-राव का मकान। | 04-07-2026 | 8,26,292 | 05-09-2026 | 60,000 | 6,000 | 10-10-2026 (11am-6pm) | 08-10-2026 (upto 5pm) | 9022198002 |

| ई-नीलामी सेवा प्रदाता: | ई-ऑक्शन वेबसाइट/जानकारी और अन्य शर्तों के लिए: | ईएमडी / अन्य राशि जमा करने हेतु खाता नंबर | शाखा आईएफएससी कोड: | लाभार्थी का नाम |
|---|---|---|---|---|
| कंपनी का नाम: ई- प्रोक्यूरमेंट टेक्नोलॉजीस लिमि. (ऑक्शन टाईगर) हेल्पलाइन नंबर: 079-35022160/149/182 संपर्क व्यक्ति: राम शर्मा - 8000023297 ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net | http://www.homefirstindia.com https://homefirst.auctiontiger.net | 911020005835824- होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड एक्सिस बैंक लिमिटेड बैंगलौर केटी | UTIB0000009 | अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फायनेंस कम्पनी इंडिया लिमिटेड |

**बोली वृद्धि राशि 10,000/- रुपये** है। यह बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल (https://homefirst.auctiontiger.net) पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। ऑनलाइन ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें युक्त ई-नीलामी निविदा दस्तावेज पोर्टल साइट पर उपलब्ध हैं। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले, संपत्ति पर भार, नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के स्वामित्व और संपत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के संबंध में स्वयं स्वतंत्र जांच कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन होम फर्स्ट की ओर से कोई प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व नहीं है और न ही इसे ऐसा माना जाएगा। संपत्ति होम फर्स्ट को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेची जा रही है। अधिकृत अधिकारी/सुरक्षित लेनदार किसी भी तृतीय-पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे। यह बिक्री प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी। **किसी भी विसंगति की स्थिति में, सूचना का अंग्रेजी संस्करण प्रामाणिक माना जाएगा।**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना**

ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, ई-नीलामी की तिथि से पहले कर दें। ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।
दिनांक: 10-09-2026 स्थान: बिलासपुर
हस्ताक्षरकर्ता /- अधिकृत अधिकारी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड


## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क:** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला:** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु:** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर:** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ:** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन:** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।

## शब्द पहेली - 6343



**बाएँ से दाएँ**
1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**
2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

**शब्द पहेली- 6342 का हल**



## सूडोकु नवताल- 6353

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6352 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |



# न्यूट्रिशस डाइट-एक्सरसाइज और मेडिटेशन से रहता हूं हेल्दी-फिट



इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे माइथॉलॉजिकल सीरियल 'हस्तिनापुर के वीर' में महामंत्री विदुर का किरदार एक्टर विकास सलगोत्रा निभा रहे हैं। वे अपनी हेल्थ, फिटनेस को लेकर काफी कॉन्शस रहते हैं। इसके लिए वे किस तरह के एफर्ट्स करते हैं, अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं अपनी जुबानी।

**फिटनेस फंडा**
**विकास सलगोत्रा**

मेरा मानना है कि फिट रहने के लिए सिर्फ एक्सरसाइज ही नहीं, बल्कि सही डाइट, पर्याप्त मात्रा में पानी पीना और मानसिक शांति भी जरूरी है। मैं सप्ताह में कम से कम पांच दिन एक्सरसाइज जरूर करता हूं। अपने फिटनेस रूटीन में मसल बिल्डिंग के साथ कैलिस्थेनिक्स को भी शामिल करता हूं।

## मेरा डाइट प्लान

मेरे लिए एक अच्छा डाइट प्लान वह है, जिसमें शरीर और दिमाग को मजबूत बनाने के लिए जरूरी सभी पोषक तत्व और फाइबर सही मात्रा में शामिल हों। मेरी डाइट में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, विटामिंस और मिनरल्स का बैलेंस्ड कॉम्बिनेशन होता है। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए सिर्फ कैलोरी पर ध्यान देने के बजाय पोषण पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। इसलिए मेरी डाइट में सभी न्यूट्रिएंट्स बैलेंस्ड मात्रा में उपस्थित रहते हैं।

## मेरा वर्कआउट रूटीन

मैं आमतौर पर सप्ताह में पांच दिन एक्सरसाइज करता ही हूं। मेरे वर्कआउट रूटीन में मसल बिल्डिंग के साथ कैलिस्थेनिक्स का कॉम्बिनेशन रहता है। इससे स्ट्रेंथ और बॉडी कंट्रोल दोनों पर मैं वर्क कर पाता हूं। इससे मुझे एनर्जेटिक और एक्टिवनेस फील होती है। बिजी शेड्यूल के बावजूद थकावट महसूस नहीं होती है।

## टाइम करता हूं मैनेज

वैसे तो मैं जिम में जाकर वर्कआउट करना प्रेफर करता हूं लेकिन अगर शूटिंग की वजह से बहुत ज्यादा बिजी रहता हूं और जिम जाने का समय नहीं मिल पाता, तो मैं घर पर ही कुछ देर वर्कआउट करना पसंद करता हूं। बॉडी-वेट एक्सरसाइज और योग को अपनी रूटीन में शामिल कर लेता हूं। मेरा मानना है कि फिटनेस के लिए जरूरी नहीं कि हर बार जिम ही जाना पड़े, बल्कि उपलब्ध समय और जगह में भी एक्टिव रहा जा सकता है। इसलिए मैं टाइम मैनेज करता हूं और सुविधानुसार घर या जिम में कुछ समय वर्कआउट जरूर करता हूं। हमें इस बात को समझना होगा कि जैसे हमारा वर्क, प्रोफेशन जरूरी है, उतना ही अधिक जरूरी हमारी हेल्थ का फिट रहना भी है। इसलिए अपनी हेल्थ-फिटनेस के लिए टाइम जरूर मैनेज करता हूं।

## मेंटल हेल्थ के लिए

मानसिक रूप से स्वस्थ और शांत महसूस करने के लिए ध्यान यानी मेडिटेशन करता हूं और कुछ योगासनों का भी अभ्यास करता हूं। रोजाना भ्रामरी और भस्त्रिका प्राणायाम करने की कोशिश करता हूं। इससे मन को शांत रखने में मदद मिलती है और मुझे लगता है कि यह मानसिक एकाग्रता और ब्रेन की क्षमता को बेहतर बनाने में भी सहायक है।

## मेरा फिटनेस आइडल

मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस, डिसिप्लीन और लगातार खुद को फिट रखने की प्रतिबद्धता मुझे काफी प्रेरित करती है। उन्होंने अपने आपको जिस तरह से मेंटेन किया हुआ है, वैसा कम ही लोग कर पाते हैं, इसीलिए वे बहुत से लोगों के फिटनेस आइडल हैं।

## पाठकों को मैसेज

मेरा फिटनेस फंडा बहुत सिंपल है, फ्रेश और हेल्दी खाना खाएं, जंक फूड से बचें और ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन कम करें, जिनमें ज्यादा प्रिजर्वेटिव्स हों। फ्राइड फूड से भी जितना हो सके बचना चाहिए। सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक्सरसाइज जरूर करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। फिटनेस के लिए निरंतरता सबसे ज्यादा जरूरी है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

**हेल्थ एडवाइस**
**शिखर चंद जैन**

आप कितनी लंबी उम्र जिएंगे, ओल्ड एज में आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य कैसा रहेगा, यह इस बात पर भी बहुत निर्भर करता है कि आपने मिड एज से किस तरह की लाइफस्टाइल को अपनाया है। अगर आप मिड एज से गुजर रहे हैं तो अपनी लाइफस्टाइल और फूड हैबिट में जरूरी सुधार तुरंत कर लें। इससे बढ़ती उम्र में आप लंबे समय तक हेल्दी रहेंगे।

# मिडिल एज में ऐसी हो लाइफस्टाइल स्वस्थ रहेगा तन-मन-जिएंगे लंबी आयु

चालीस से पचास की उम्र में आप अपने शरीर और मन के साथ जैसा व्यवहार करते हैं, उसका आने वाले दशकों में आपकी उम्र बढ़ने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। उम्र बढ़ने से जुड़ी कई बीमारियों, जिनमें हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और डिमेंशिया शामिल हैं के बीज मध्य आयु में ही पड़ने लगते हैं। इसलिए इस उम्र में ही बचाव के उपाय शुरू करना बेहद महत्वपूर्ण है। अमेरिका की ब्रांडीज यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर और 'प्राइम टाइमः अ न्यू विजन फॉर मिडलाइफ' की लेखिका मार्जी लैकमैन कहती हैं कि मध्य आयु बदलाव करने का आदर्श समय है। इससे आपको न केवल वर्तमान में लाभ मिलता है, बल्कि भविष्य में भी इसका फायदा मिलता है। विशेषज्ञों से बातचीत के आधार पर सामने आए कुछ छोटे-छोटे उपाय जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं।

## इंटरवल ट्रेनिंग

हृदय और फेफड़ों की अच्छी क्षमता लंबी उम्र के सबसे बेहतर संकेतकों में से एक है। उम्र बढ़ने के बाद भी सक्रिय और गतिशील बने रहने के लिए कार्डियो-रेस्पिरेटरी फिटनेस महत्वपूर्ण है। इसे बेहतर बनाने का एक तरीका इंटरवल ट्रेनिंग है। उदाहरण के लिए, ट्रेडमिल पर सामान्य गति से 30 सेकेंड चलें, फिर 30 सेकेंड तेज दौड़ें और उसके बाद 30 सेकेंड आराम करें। इस क्रम को लगभग 10 बार दोहराया जा सकता है। इस तरह का छोटा वर्कआउट लंबे समय तक सामान्य गति से व्यायाम करने की तुलना में अधिक प्रभावी हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, व्यायाम करते समय स्वयं को थोड़ा चुनौती देना जरूरी है।

## डेली पर्याप्त नींद लें

बहुत कम नींद लेना कई स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। इनमें मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और डिमेंशिया जैसी बीमारियां शामिल हैं। कम



नींद का संबंध जीवनकाल कम होने से भी जोड़ा गया है। विशेषज्ञ सामान्यतः रात में लगभग आठ घंटे की नींद लेने की सलाह देते हैं, हालांकि हर व्यक्ति की आवश्यकता अलग हो सकती है। सिर्फ नींद के घंटों की संख्या पर ध्यान देने के बजाय नियमित नींद की आदत बनाना अधिक महत्वपूर्ण है। हर दिन लगभग एक ही समय पर सोने और जागने की कोशिश करें। सोने और जागने का नियमित समय अच्छी नींद का मजबूत संकेतक माना जाता है और अलग-अलग कई शोधों में इस नियम को नींद की कुल अवधि से भी अधिक महत्वपूर्ण पाया गया है।





## दोस्तों के लिए समय निकालें

कई विशेषज्ञों ने सामाजिक संबंधों को लंबे समय तक अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। लोग अकसर सामाजिक संपर्क को केवल मनोरंजन मानते हैं, जबकि वास्तव में यह स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि किसी दोस्त के साथ मिलकर ऐसे काम करें, जो आपकी कार्य सूची में शामिल हों।

उदाहरण के लिए, किसी दोस्त के साथ टहलने जाएं, साथ में व्यायाम करें या साथ-साथ किराने का सामान खरीदने जाएं। इससे शारीरिक गतिविधि और सामाजिक मेलजोल दोनों एक साथ हो जाते हैं। साथ ही आपका काम भी हो जाएगा।

## फर्मेंटेड फूड्स खाएं

जब हम शरीर के स्वास्थ्य के बारे में सोचते हैं तो अकसर आंतों में रहने वाले खरबों सूक्ष्मजीवों यानी गट माइक्रोबायोम को भूल जाते हैं। एक हेल्दी गट माइक्रोबायोम, अच्छी हेल्थ और लंबी उम्र से जुड़ा हुआ है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करने और शरीर में सूजन को कम करने में मदद करता है। शरीर में लंबे समय तक रहने वाली सूजन उम्र से जुड़ी कई बीमारियों का प्रमुख कारण मानी जाती है। अपने माइक्रोबायोम की देखभाल करने का एक अच्छा तरीका किण्वित यानी फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ खाना है। इनमें ऐसे सूक्ष्मजीव होते हैं, जो आंतों के लिए लाभकारी हो सकते हैं। आप दिन की शुरुआत दही से कर सकते हैं। इसके अलावा किमची, कोंबुचा, इडली, कफिर जैसे खाद्य पदार्थ भी शामिल किए जा सकते हैं।

## पर्याप्त मात्रा में लें प्रोटीन

30 की उम्र के बाद शरीर में मांसपेशियों का कम होना शुरू हो जाता है और 60 की उम्र के आस-पास यह प्रक्रिया और तेज हो सकती है। ऐसे में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन खाना और साथ में प्रतिरोधक रेजिस्टेंस ट्रेनिंग करना, मांसपेशियों के नुकसान को रोकने में मदद कर सकता है।

इसका अर्थ यह नहीं है कि हर व्यक्ति को बहुत अधिक मात्रा में प्रोटीन लेना चाहिए। सामान्य तौर पर शरीर के प्रत्येक किलोग्राम वजन के लिए लगभग 0.8 से 1.2 ग्राम प्रोटीन पर्याप्त माना जाता है। कुछ विशेषज्ञ 68 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति के लिए प्रतिदिन लगभग 54 से 81 ग्राम प्रोटीन की सलाह देते हैं। इसलिए आप वेजिटेरियन हों या नॉनवेजिटेरियन, प्रोटीन को हर भोजन में शामिल करना चाहिए।

## वेट ट्रेनिंग को रूटीन में अपनाएं

एरोबिक फिटनेस जितनी जरूरी है, उतनी ही महत्वपूर्ण मांसपेशियों की ताकत भी है। शोध बताते हैं कि मांसपेशियों की ताकत का संबंध लंबी उम्र और वृद्धावस्था में स्वतंत्र रूप से जीवन जीने की क्षमता से है। इसके विपरीत, बहुत अधिक मांसपेशियां खो देना कमजोरी और गिरने के जोखिम को बढ़ा सकता है। रेजिस्टेंस ट्रेनिंग के दौरान मांसपेशियां शरीर को कुछ ऐसे अणु बनाने के लिए प्रेरित करती हैं, जिन्हें मायोकाइन्स कहा जाता है। इनमें से कुछ शरीर में सूजन को कम करने में मदद कर सकते हैं।

अगर आप जिम में डंबल वाली एक्सरसाइज को टाइम देते हैं तो अपने लिए थोड़ा अधिक वजन चुनने से डरें नहीं। लेकिन यदि आपने अभी शुरुआत की है तो धीरे-धीरे वजन बढ़ाएं और सही तकनीक सीखें। इसका उद्देश्य यह होना चाहिए कि व्यायाम के बाद आपको लगे कि आपकी मांसपेशियों ने वास्तव में काम किया है, लेकिन इतना भी नहीं होना चाहिए कि अत्यधिक थकान या दर्द हो।

## आंतों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें

हमारी आंतों में रहने वाले सूक्ष्मजीवों का समुदाय हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालता है। स्वस्थ माइक्रोबायोम, प्रतिरक्षा प्रणाली को बेहतर ढंग से काम करने में मदद करता है और शरीर में सूजन को नियंत्रित करता है। इसलिए भोजन में विभिन्न पोषक पदार्थों को शामिल करना, फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ खाना और फर्मेंटेड फूड्स को शामिल करना आंतों के लिए उपयोगी है। इन बातों पर अमल करना बहुत लाभकारी हो सकता है। *

### पैरेंट्स की हेल्थ हिस्ट्री को रखें ध्यान



**जीवनशैली कई** बीमारियों के जोखिम को प्रभावित करती है, लेकिन आनुवंशिकता की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसलिए पैरेंट्स और फैमिली में किन बीमारियों का इतिहास रहा है, इसकी जानकारी भी रखें। अपने माता-पिता और अन्य करीबी रिश्तेदारों से उनके स्वास्थ्य के बारे में बात करें। अपने डॉक्टर से भी पूछें कि परिवार में किसी बीमारी का इतिहास होने पर आपको किस उम्र से कौन-सी जांच नियमित रूप से करवानी चाहिए और किन लक्षणों पर विशेष ध्यान देना चाहिए? इससे आपको अपनी हेल्थ केयर में हेल्प मिलेगी।

**आयुर्वेद**
**ललिता गोयल**

# हल्दी सेवन करने के फायदे

किचेन में मौजूद हल्दी भारतीय रसोई का केवल एक मसाला नहीं है, बल्कि यह औषधीय गुणों का एक ऐसा खजाना है, जिसका इस्तेमाल सदियों से आयुर्वेद में किया जा रहा है। इसका पीला रंग और इसमें पाया जाने वाला मुख्य तत्व करक्यूमिन इसे एक शक्तिशाली प्राकृतिक औषधि बनाते हैं।

हल्दी एक ऐसा मसाला है, जिसे सेहत के लिए बेहद गुणकारी माना जाता है। आमतौर पर हल्दी को किसी भी खाने में कलर और स्वाद को बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन हल्दी को गुणों का भंडार भी कहा जाता है। हल्दी को स्वाद, सेहत और सुंदरता को बढ़ाने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है।



**एंटीसेप्टिक-एंटीबायोटिक गुणों से भरपूरः** हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटीबायोटिक गुण पाए जाते हैं। इतना ही नहीं इसमें कैल्शियम, आयरन, सोडियम, एनर्जी, प्रोटीन, विटामिन ई, विटामिन सी और फाइबर जैसे तत्व भी पाए जाते हैं, जो शरीर को कई लाभ पहुंचाने में मददगार होते हैं।

**डाइट में ऐसे करें शामिलः** हल्दी वाला दूध जिसे 'गोल्डन मिल्क' भी कहा जाता है, जोड़ों के दर्द में आराम, अच्छी नींद लाने में मदद करता है। एक गिलास गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर पीने से सर्दी-जुकाम और शरीर दर्द से भी निजात मिलती है। रोजाना सुबह खाली पेट एक गिलास गरम पानी में आधा चम्मच हल्दी और काली मिर्च पावडर मिलाकर पीने से वजन कंट्रोल में रहता है और मेटाबॉलिज्म अच्छा होता है। सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी पावडर मिलाकर पीने से इम्यूनिटी मजबूत होती है। दोपहर या रात के भोजन में, दाल, सब्जी और सूप में हल्दी का यूज करने से न्यूट्रीशन की डेली डोज मिलती है और डाइजेशन बेहतर होता है। शाम के समय हल्दी की हर्बल-टी पीने से गले की खराश और तनाव से राहत मिलती है।

**मिलते हैं ये फायदेः** हल्दी में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-फंगल गुण होते हैं। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर मौसम बदलने पर होने वाले सर्दी, जुकाम और कफ से बचाती है। करक्यूमिन शरीर में पुरानी सूजन को कम करने में मदद करता है। *

**(डाइटीशियन सवी जैन से बातचीत पर आधारित)**

**सजेशन**
**रेखा देशराज**

जाती हुई बारिश के इन दिनों में फ्रेश और एनर्जेटिक फील करने के लिए बार-बार चाय पीना फायदेमंद नहीं है। ऐसे में आप कुछ हर्बल ड्रिंक्स पी सकते हैं। इन्हें बनाना बहुत ईजी है और ये टेस्टी भी लगते हैं।

# फील करें फ्रेश-एनर्जेटिक पिएं हर्बल-टेस्टी ड्रिंक्स

बारिश के इस मौसम में चाय के बजाय एक नया विकल्प आपकी रसोई में जगह बना सकता है। ये है- हर्बल आइस टी और इन्फ्यूज्ड वाटर। ताजी जड़ी बूटियों, फलों, मसालों और पानी से तैयार ये पेय स्वाद में हल्के, देखने में आकर्षक और रोजमर्रा की हाइड्रेशन को मजेदार और बेहतर बनाने के शानदार विकल्प हैं।

**क्या है इन्फ्यूज्ड वाटरः** इन्फ्यूज्ड वाटर का मतलब है पानी में फल, सब्जियां, जड़ी बूटियां या मसालों की थोड़ी मात्रा डालकर कुछ समय के लिए छोड़ देना ताकि उनका स्वाद और सुगंध पानी में आ जाए। इसमें फलों का रस निकालकर मिलाना जरूरी नहीं होता। खीरा-पुदीना, नीबू-तुलसी, सेब-दालचीनी और संतरा-पुदीना जैसे संयोजन घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं। यह उन लोगों के लिए खास तौर पर उपयोगी हो सकता है, जिन्हें सादा पानी कम पसंद है और वो पानी पीने से कतराते हैं।

**नहीं है डिटॉक्स वाटरः** सोशल मीडिया में आमतौर पर इन्फ्यूज्ड वाटर को डिटॉक्स वाटर के रूप में प्रचारित किया जाता है। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि शरीर को डिटॉक्स करने का काम मुख्य रूप से हमारा लिवर और किडनी करते हैं, इसलिए ऐसे पेयों को चमत्कारिक डिटॉक्स उपचार के रूप में न देखें। बस स्वादिष्ट पानी के रूप में पिएं।



अगर बिना अतिरिक्त चीनी के इन्हें प्राकृतिक फ्लेवर में लिया जाए तो ये मीठे शीतल पेयों की तुलना में बेहतर विकल्प बन सकते हैं।

**तुलसी-नीबूः** तुलसी-नीबू वाटर का फ्रेश टेस्ट आपको बहुत भाएगा। इसे बनाना बहुत आसान है। एक जग में तुलसी की कुछ साफ पत्तियां डालें और नीबू के पतले-पतले टुकड़े काटकर भी डालें। अब इस जग को कुछ घंटे तक फ्रिज में रख दें। पानी में नीबू की खटास और तुलसी की खुशबू न सिर्फ उतर आएगी बल्कि यह पानी को खुशबूदार बना देगी। ध्यान रखिए नीबू के टुकड़ों को बहुत लंबे समय तक पानी में न रखें वरना पानी का स्वाद कड़वा हो सकता है। इस मामले में यह भी बेहतर होगा कि पानी का इस्तेमाल उसी दिन कर लें।

**पुदीना-खीराः** पुदीने की कुछ पत्तियां और खीरे के कुछ पतले-पतले टुकड़े कांच की बोतल या जग में डाल लें। यह संयोजन खास तौर पर उमस भरे दिनों में सबसे शानदार अनुभव देता है। इसमें चीनी डालने की जरूरत नहीं होती। लेकिन हल्की मिठास पसंद है तो प्राकृतिक रूप से किसी मीठे फल का इस्तेमाल किया जा सकता है। यह पानी न केवल पीने में स्वादिष्ट लगता है बल्कि यह सेहत के लिए भी शानदार है।

**हर्बल आइस टीः** हम जब भी हर्बल टी कहते हैं तो आमतौर पर जहन में ब्लैक टी या नीबू टी की ही तस्वीर आती है। लेकिन हर्बल टी केवल यहीं तक नहीं सीमित होती है। हर्बल टी, हर्बल आइस टी के रूप में भी पसंद की जाती है। तुलसी, पुदीना, लेमन ग्रास या अदरक से तैयार यह हल्की हर्बल टी, ठंडा करके भी पी जा सकती है। इसके लिए तुलसी, पुदीना और लेमनग्रास की पत्तियों को गर्म पानी में थोड़ी देर के लिए डुबोकर रख दें। अब पेय को छानकर ठंडा कर लें और अगर पसंद हो तो बर्फ डाल लें और धीरे-धीरे सिप करें, अगर बर्फ नहीं डालना चाहते तो ऐसे भी पी सकते हैं। बिना बर्फ के भी इसे फ्रिज में ठंडा करके भी पिया जा सकता है। चीनी की जगह इसमें शहद का इस्तेमाल करें।

**अदरक-लेमन ग्रासः** अदरक और लेमन ग्रास का संयोजन बारिश के दिनों में खासा फायदेमंद माना जाता है। दोनों को गर्म पानी में कुछ देर उबालकर छान लें और ठंडा होने के बाद हल्का नीबू मिला लें। ध्यान रहे इस पेय में अदरक की मात्रा कम हो। अगर अदरक ज्यादा हुई तो यह पेय ज्यादा तीखा हो सकता है। इसी तरह फल भी डालकर इसे नया फ्लेवर दे सकते हैं। स्ट्रॉबेरी, सेब, संतरा, अनार या कुछ अन्य फल इन इन्फ्यूज्ड वाटर को रंग और स्वाद दोनों तरह से बदलते हैं। हालांकि फल डालने का मतलब यह नहीं है कि पानी में फलों के पर्याप्त तत्व मिल जाएंगे। इसलिए इसे फल खाने का विकल्प न बनाएं बल्कि स्वादयुक्त फलों वाले पानी के रूप में इस्तेमाल करें। *



### एफपीसीई ने राज्यों पर कानून ठीक से लागू नहीं करने का लगाया आरोप

# रेरा कानून ठीक से लागू न होने से 27.6 लाख घर खरीदारों की रकम फंसी : एफपीसीई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

घर खरीदारों के संगठन एफपीसीई ने रियल एस्टेट क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले रेरा कानून को राज्यों में ठीक से लागू नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि देशभर में करीब 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजनाओं में देरी के कारण फंसे हुए हैं। 'फोरम फॉर पीपल्स कलेक्टिव एफर्ट्स' (एफपीसीई) ने रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा), 2016 के लागू होने के 10 साल पूरे होने पर जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। रिपोर्ट में नियामकीय नाकामी से घर खरीदारों को हो रहे नुकसान का उल्लेख किया गया है।

रेरा के क्रियान्वयन में कमी रही है- एफपीसीई के अध्यक्ष अभय उपाध्याय ने कहा, ''रेरा एक कानून के रूप में विफल नहीं हुआ है, इसके क्रियान्वयन में कमी रही है। और जब क्रियान्वयन कमजोर पड़ता है, तो मजबूत कानून भी व्यवहार में विफल हो जाता है।

- 27.6 लाख घर खरीदार आवासीय परियोजना में देरी के कारण फंसे है
- रेरा 2016 में लागू हुआ, 10 साल पूरे होने पर रिपोर्ट हुई जारी



**बिल्डर को परियोजना की सभी जानकारी देनी होती है :** रेरा कानून के तहत बिल्डर को परियोजना से जुड़ी सभी जरूरी जानकारियां और मंजूरियां सार्वजनिक करनी होती हैं। उन्हें घर खरीदारों से प्राप्त राशि का 70 प्रतिशत अलग बैंक खाते में जमा करना भी आवश्यक है, जिसका इस्तेमाल केवल जमीन की लागत और परियोजना के निर्माण के लिए किया जा सकता है।

**प्रति परिवार 45 लाख रुपए की राशि फंसी हुई :** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के 'रेरा ट्रैकर' के दो मार्च, 2026 के आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि करीब 27.6 लाख घर खरीदार परिवारों की रकम बिल्डरों के पास फंसी हुई है।

**सुधार की तत्काल जरूरत**

उपाध्याय ने कहा कि रिपोर्ट का उद्देश्य रेरा कानून के क्रियान्वयन में सुधार करना तथा उस अनुशासन और जवाबदेही को बहाल करना है, जिसके साथ कानून बनाया गया था। उन्होंने कहा, ''घर खरीदारों के लिए यह नियामकीय व्यवस्था का विषय न होकर उनकी जीवन भर की बचत, आवास और सुरक्षा से जुड़ा मामला है। और इसमें सुधार की तत्काल जरूरत है।''

# घरेलू बाजार में चीनी हुई सस्ती : इस्मा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अध्यक्ष नीरज शिरगांवकर ने बुधवार को कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की कीमतों में नरमी आने के बावजूद इसका आयात करना अभी भी फायदेमंद है। उनका यह बयान वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतों में हाल में आई तेजी के बीच आया है।

भारत ने पिछले महीने त्योहारी मौसम से पहले घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए 10 लाख टन चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। घरेलू कीमतों में गिरावट के बावजूद आयात अभी भी फायदेमंद है। दो सप्ताह पहले चीनी की मिल स्तर वाली कीमतें 65-67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्च स्तर पर थीं, जो अब घटकर 43-44 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई हैं।



- अब भी आयात फायदेमंद
- वैश्विक स्तर पर चीनी में आई तेजी

**जमाखोरी रोकने स्टॉक नियम किए गए सख्त**

आयात की अनुमति देने के अलावा सरकार ने जमाखोरी रोकने के लिए थोक व्यापारियों और डीलरों के लिए चीनी का स्टॉक रखने के नियम भी सख्त किए हैं। चीनी उत्पादकों के संगठन इस्मा ने कहा कि उसने सरकार को मिलों के जल्द पेराई शुरू करने पर आने वाली परिचालन संबंधी चुनौतियों के बारे में बताया है।

# हुंडई पेश करेगी स्थानीय स्तर पर विकसित इलेक्ट्रिक एसयूवी



नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) जल्द ही स्थानीय स्तर पर विकसित एक इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह नया इलेक्ट्रिक वाहन विशेष रूप से ईवी के लिए तैयार किए गए मंच पर आधारित होगा। एचएमआईएल के मौजूदा इलेक्ट्रिक वाहन पोर्टफोलियो में 'आयोनिक-5' और 'क्रेटा इलेक्ट्रिक' शामिल हैं। वह नए इलेक्ट्रिक वाहन की पेशकश से पहले अपनी बिक्री और सेवा व्यवस्था को मजबूत कर रहा है। इसके तहत डीलर नेटवर्क के कर्मचारियों को इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही विश्व ईवी दिवस 2026 के अवसर पर कंपनी ने नयी दिल्ली में 120 किलोवाट क्षमता वाले डीसी फास्ट चार्जिंग स्टेशन भी शुरू किए हैं।

एचएमआईएल ने वित्त वर्ष 2026-27 के अंत तक अपने इलेक्ट्रिक वाहन अनुकूल बिक्री और सेवा नेटवर्क का विस्तार कर 820 केंद्रों और 650 वर्कशॉप तक पहुंचाने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा कि वह चालू वित्त वर्ष तक इलेक्ट्रिक वाहन की बिक्री, रखरखाव और मरम्मत के लिए 7,000 से अधिक बिक्री कर्मचारियों तथा 5,000 से अधिक सेवा कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रशिक्षण देगी।

# एक ही दिन में खुले छह आईपीओ तीन को मिला पूर्ण अभिदान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार में निवेशकों की मजबूत दिलचस्पी के बीच बुधवार को एक ही दिन में छह कंपनियों के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुले।

इस बीच रेंटोमोजो, करमतारा इंजीनियरिंग और एलसीसी प्रोजेक्ट्स के आईपीओ को पहले ही दिन ही पूर्ण अभिदान मिल गया। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, स्टीमहाउस इंडिया के आईपीओ को 42 प्रतिशत और एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड यानी आर्सिल के आईपीओ को 38 प्रतिशत अभिदान मिला। वहीं, मणिपाल पेमेंट एंड आइडेंटिटी सॉल्यूशंस के आईपीओ को सबसे कमजोर प्रतिक्रिया मिली और इसे 17 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। रियल एस्टेट कंपनी प्रणव कंस्ट्रक्शंस के 351 करोड़ रुपये के आईपीओ को अंतिम दिन 121 गुना अभिदान मिला। कंपनी को आईपीओ के तहत पेश 2.24 करोड़ शेयर के मुकाबले 272 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं। यह आईपीओ सात सितंबर को खुला और नौ सितंबर बंद हुआ था। इसके लिए मूल्य दायरा 118-124 रुपये प्रति शेयर तय किया गया था। छह कंपनियों के आईपीओ बुधवार को जबकि, तीन अन्य के आईपीओ एक दिन पहले खुले थे। इन छह कंपनियों का आईपीओ 11 सितंबर को बंद होगा। ऑनलाइन फर्नीचर और उपकरण किराये पर देने वाली कंपनी रेंटोमोजो के 1,256 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत पेश 2.18 करोड़ शेयर के मुकाबले 3.08 करोड़ शेयर के लिए बोलियां मिलीं और इसे 1.42 गुना अभिदान मिला।

# सिम्फनी एसी, बीएलडीसी पंखा खंड में रखेगी कदम

नई दिल्ली। एयर कूलर बनाने वाली प्रमुख कंपनी सिम्फनी घरेलू बाजार में रूम एयर-कंडीशनर खंड में प्रवेश करेगी। कंपनी बीएलडीसी सीलिंग पंखे और एयर प्यूरीफायर के कारोबार में भी चरणबद्ध तरीके से उतरेगी। उसके नए उत्पाद दिसंबर तिमाही से चुनिंदा श्रेणियों, बाजारों और बिक्री चैनलों के जरिए पेश किए जाएंगे। कंपनी ने कहा कि इस विस्तार से भारत में उसका संभावित बाजार बढ़ेगा और दीर्घकालिक वृद्धि की संभावना वाले उपभोक्ता टिकाऊ उत्पादों की नई श्रेणियों में कारोबार का विस्तार होगा। अहमदाबाद स्थित कंपनी ने कहा कि यह कदम उसके बियॉन्ड इंडिया समर प्रोडक्ट्स'' (बीआईएसपी) पोर्टफोलियो को मजबूत करने की रणनीति के अनुरूप है।



# चार्जजोन को ईवी चार्जिंग ढांचे के लिए मिले अनुबंध



नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग नेटवर्क कंपनी चार्जजोन ने कहा कि उसने ईवी चार्जिंग ढांचे के लिए एक अरब डॉलर (लगभग 10,500 करोड़ रुपये) से अधिक के दीर्घकालिक अनुबंध हासिल किए हैं। ये अनुबंध शहरी परिवहन की इलेक्ट्रिक बस, ट्रक और वाणिज्यिक कार बेड़ों के लिए हैं। कंपनी ने बताया कि इससे चार्जजोन के सुपरचार्जिंग विस्तार के अगले चरण को गति मिलेगी, जिसके तहत कंपनी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों में 1,000 नए स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही है। इन अनुबंधित बेड़ों के साथ, चार्जजोन को उम्मीद है कि यह नए ईवी चार्जिंग स्टेशन दैनिक आधार पर 15,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को सेवा देंगे।


## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)

:: ई-निविदा संशोधन सूचना ::

क्रमांक/निर्माण/आ.वि./2026/2986 /अम्बिकापुर, दिनांक–08/09/2026

कार्यालयीन निविदा क्रमांक 2186 दिनांक 05.08.2026 द्वारा आहुत ऑनलाईन निविदा क्रमांक 196944 से 196950, 196952, 196954 से 196956, 196966 एवं 196976 में एतद् द्वारा निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

अ ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 15.09.2026 समय 23.59 बजे तक

ब निविदा लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 18.09.2026 समय 17.30 बजे तक

स निविदा खोलने की तिथि – दिनांक 21.09.2026 समय 12.00 बजे से

शेष नियम व शर्ते यदावत रहेंगे।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास अम्बिकापुर

जी. 262703174/6

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO: 115/ZONE 07/2026 RAIPUR DATED : 08/08/2026

Online bids are invited for the following works up to 23/09/2026 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/ Description of work | Probable amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 199034 | संत रामदास वार्ड क्रमांक 25 अंतर्गत आबकारी विभाग के लिए गोदाम, सीमा एवं अन्य निर्माण एवं मरम्मत कार्य। | 94.89 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 08/09/2026, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

ZONE COMMISSIONER
ZONE 07
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

## CHHATTISGARH TOURISM BOARD

NIT No 626934/III/OPS/CTB/2026 Date: 08/09/2026

**Pre-NIT Conference**

Chhattisgarh Tourism Board (CTB) invites prospective investors, hospitality operators, developers, tourism-sector stakeholders and other interested agencies to participate in a Pre-NIT Conference on 18 September 2026 for the proposed outsourcing of selected CTB tourism properties.

The conference will provide an overview of the proposed project and concession framework, facilitate discussion on key commercial and operational aspects, and invite stakeholder feedback prior to issuance of the Notice Inviting Tender (NIT).

**Project:** Outsourcing of CTB Tourism Properties for Development, Operation and Management on a Long-Term Concession Basis.

**Date:** 18 September **Time:** 11:00 a.m.

**Venue:** Conference Hall, Chhattisgarh Tourism Board, 2nd Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No. 1, Telibandha, Raipur, Chhattisgarh

**Organised by:** Chhattisgarh Tourism Board

Interested participants are requested to attend the conference and share their suggestions. For further information, please contact CTB on email md.cgtourism@gmail.com
Website : https://tourism.cgstate.gov.in

Sd
Managing Director
Chhattisgarh Tourism Board

## OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA

e-Procurement Tender Notice Main
Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT No : 417,418,419/2026 Korba Dated 01.09.2026

| Sr No. | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 198615 (1st call) | Construction of Storm water Drain from Saket Bhavan to chicken shop Ward No. 20 (15th finance) | 155.00 |
| 2 | 198608 (1st call) | Construction of RCC Nala from wine shop to Dhengur nala Rampur Ward No. 37 (15th finance) | 175.00 |
| 3 | 198616 (1st call) | Construction of Storm water drain from Rajgamar main road to Rampur housing board Kosabadi Ward No. 36 (15th finance) | 198.00 |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 01.09.2026 at 15:00 Hours. (IST) onwards.

Superintending Engineer
Municipal Corporation
Korba (C.G.)

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/322/ADV/235/2025 नवा रायपुर, दिनांक : 08/09/2026

**संक्षिप्त विज्ञापन**

(1) छत्तीसगढ़ शासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत "माइक्रो बायोलॉजिस्ट" के 05 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 05/2026/परीक्षा/दिनांक 08/09/2026 जारी किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र ₹रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक 09/09/2026 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है । उक्त विज्ञापन में दर्शित शर्तों के अनुसार रिक्त पदों, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शित है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| स.क्र. | पद का नाम | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद | | | | कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी नि:शक्तजनों के लिए आरक्षित पद | योग | वेतन मेट्रिक्स |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | अनारक्षित | अजा | अजजा | अपिव | | | |
| 1 | माइक्रो बायोलॉजिस्ट (खाद्य प्रयोगशाला) | 1 | – | 1 | 1 | – | – | – | – | – | 3 | (स्तर–12) 56100–177500 |
| 2 | माइक्रो बायोलॉजिस्ट (औषधि प्रयोगशाला) | 1 | – | 1 | – | – | – | – | – | – | 2 | |
| | | | | | | | | | | कुल | 5 | |

(2) विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी "रोजगार और नियोजन" के अंक दिनांक 09/09/2026 में देखे जा सकते हैं।

(3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि 1 जनवरी 2026 है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।

(4) ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10/09/2026 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 09/10/2026 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है।

(5) आयोग के वेब–साईट www.psc.cg.gov.in में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।

(6) आवदेक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्रमांक 05/2026/परीक्षा/दिनांक 08/09/2026 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।

(7) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है :– संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771–2512567 .

सही/-
सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग नवा रायपुर अटल नगर

जी. 262703187/1

## छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

**द्वितीय अभिरूचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**आमंत्रण की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर द्वारा अपने रायपुर स्थित गोदाम, बिलासा एम्पोरियम, एवं आमगाँव, राजनांदगाँव स्थित कंबल प्रोसेसिंग यूनिट मे उपलब्ध स्टॉक (चादर, कंबल, दरी, कोसा ड्रेस मटेरियल आदि) को बाजार योग्य उत्पादों में परिवर्तित करने तथा उसके प्रभावी विपणन हेतु इच्छुक एवं अनुभवी संस्थाओं/फर्मों/कंपनियों/एलएलपी/स्टार्टअप्स से दिनांक 09–10–2026 तक रुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

उक्त EOI का विस्तृत प्रारूप ग्रामोद्योग विभाग की वेबसाईट **www.ruralindustries.cg.gov.in** पर दिनांक 14–07–2026 से उपलब्ध है तथा हाथकरघा संघ के बी–26, सेक्टर–07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ. ग.) 492001 स्थित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

इच्छुक संस्था निर्धारित प्रारूप मे अपना आवेदन तथा प्रस्ताव दिनांक 09–10–2026 शाम 5:00 बजे तक प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर के नाम से बंद लिफ़ाफ़े मे जमा कर सकते है। (प्रबंध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित)

सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर

स.48994

## कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)
Email:- gmcmahasamund@gmail.com,
Phone No. 07723-299171

क्रमांक / 2673/शा.चि.म. / क्रय / 2026
महासमुंद, दिनांक 08/09/2026

**निविदा सूचना का प्रारूप**

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के विभिन्न विभागों हेतु अधिकृत विक्रेताओं से लघु उपकरण (Minor Equipment) प्रदाय करने हेतु मुहरबंद निविदाए आमंत्रण की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय की वेबसाईट https://gmcmahasamund.ac.in/ से डाउनलोड कर ₹अथवा अधिष्ठाता कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर 25/09/2026 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदाकार अपना प्रस्ताव व दर बंद लिफाफे में दिनांक 28/09/2026 को दोपहर 1:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है, निविदा फिस रूपये 1000/– ऑनलाईन अथवा निविदा के साथ जमा करना है।

निविदा बिक्री करने की अंतिम तिथि 25/09/2026 समय दोपहर 12:00 बजे तक।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 28/09/2026 समय दोपहर 1:00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथि 28/09/2026 समय दोपहर 3:00 बजे।

स्थान– कार्यालय अधिष्ठाता शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जिला–महासमुन्द (छ.ग.)

अधिष्ठाता
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय
महासमुन्द (छ0ग0)

जी. 262703183/1

## कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
ब्लाक-03, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)
(फोन 0771-2636413 फैक्स 0771-2263412 email-highereducation.cg@gmail.com)

**राजे श्री वैष्णवदास महंत जी महाराज संस्कृत भाषा सम्मान/पुरस्कार वर्ष 2026 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित**

छत्तीसगढ़ राज्य में संस्कृत भाषा के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को सम्मानित करने हेतु राजे श्री वैष्णवदास महंत जी महाराज संस्कृत भाषा सम्मान/पुरस्कार_देने का निर्णय लिया गया है।

1. सम्मान का स्वरुप उक्त सम्मान / पुरस्कार के अंतर्गत किसी एक संस्था या व्यक्ति को रू. 200000/- (दो लाख रूपये) एवं प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जावेगा।
2. आवेदन/प्रविष्टियां भेजने की समयावधि पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा स्वयं उपस्थित होकर बंद लिफाफे में अथवा डाक द्वारा दिनांक सायं 4.00 बजे तक कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–3, द्वितीय तल, इंद्रावती भवन नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग ) में प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। डाक संबंधी विलंब के लिये यह कार्यालय, उत्तदायी नहीं होगा। पुरस्कार संबंधी नियम की प्रति कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर अटल नगर से नि:शुल्क कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है अथवा विभाग के वेबसाईट से डाउनलोड की जा सकती है।
3. आवेदन पत्र के बंद लिफाफे पर "राजे श्री वैष्णवदास महंत जी महाराज संस्कृत भाषा सम्मान / पुरस्कार वर्ष 2026" अंकित होना चाहिए।
4. प्रविष्टियां/आवेदन के लिये मापदंड सम्मान पुरस्कार के लिये प्रविष्टियां/आवेदन निम्नांकित अपेक्षाओं की पूर्ति करते हुए प्रस्तुत किये जा सकते हैं ।
   1. व्यक्ति अथवा संस्था का पूर्ण परिचय, 02 पास पोर्ट साईज फोटो, मो. नं. एवं पूर्ण पता।
   2. सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अभिनव प्रयत्नों के लिये किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी (संस्कृत भाषा से संबंधित)
   3. यदि कोई अन्य पुरस्कार प्राप्त किया हो. तो उसका विवरण।
   4. संस्कृत भाषा से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य तथा इसके सैद्धांतिक पक्ष के विषय में प्रकाशित साहित्य की सत्यापित छायाप्रतियां ।
   5. प्रविष्टि में अंतर–निहित तथ्यों / जानकारी के अतिरिक्त अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार सम्मान (पुरस्कार) के संबंध में कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
   6. प्रविष्टि में दिये गये तथ्यों / निष्कर्षों / प्रमाणों का संपूर्ण उत्तरदायित्व प्रविष्टि प्रस्तुतकर्ता का रहेगा।
   7. प्राप्त प्रविष्टियों का परीक्षण गठित जूरी के द्वारा किया जायेगा एवं प्रविष्टियों की गुणवत्ता के आधार पर किसी एक या अधिक प्रविष्टियों को पुरस्कार देने या नहीं देने का जूरी का निर्णय अंतिम होगा। इसके लिए कोई कारण बताया जाना आवश्यक नहीं होगा ।

सहायक संचालक
उच्च शिक्षा संचालनालय
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

जी. 262703192/1

## कार्यालय प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा जिला - सुकमा
Phone no:- 07864-299155, Email ID- emrssukma2022@gmail.com,
Udise Code:- 22210204046
CBSE Affiliation No:- 3320279, School Code: 17309,
Website:- www.emrssukma.in

**-: निविदा सूचना :-**

क्रमांक / प्राचार्य / स्टोर/निविदा/2026–27/215 (9)
सुकमा, दिनांक 09/09/2026

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा जिला सुकमा के संचालन हेतु शिक्षण सत्र 2026–27 हेतु निम्नदर्शित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से सील बंद निविदाएं पुन: आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रस्तुत करने के अंतिम तिथि 16.09.2026 है।

| क्र | सामग्री का नाम |
|---|---|
| 1 | फल सामग्री |
| 2 | मांसाहार सामग्री |
| 3 | बेकरी एवं स्वीट्स |

उपरोक्तानुसार पुन: निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी, निविदा फार्म, नियम–शर्तें इत्यादि विद्यालय की वेबसाइट www.emrssukma.in अथवा कार्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य/सदस्य सचिव
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सुकमा,
जिला-सुकमा (छ.ग.)

स.49000

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**द्वितीय आमंत्रण**

दिनांक 08.09.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा "डी" एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा डाउनलो डकरने की अंतिम तिथि दिनांक 22.09.2026 तक है।

| एन.आई.टी क्र/ निविदा क्रं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| NIT NO. 215 Tender No. 198998 | धमतरी उपसंभाग के अंतर्गत गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रु. 110.00 लाख |
| NIT NO. 216 Tender No. 198999 | धमतरी उपसंभाग के अंतर्गत आवासीय भवनों का रंगाई पोताई कार्य। | रू. 50.00 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई–प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ–पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर–3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल न. एवं इमेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

अधीक्षण अभियंता,
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

जी. 262703190/5

## Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur
Circle No.-1 Raipur. (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(2nd Call)**

No. 17/Raipur/2026–27 Raipur, Dated. 07.09.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work वर्ष 2026–27 के विभागीय बजट में शामिल जिला रायपुर में स्वामी विवेकानंद जी के निवास स्थल (डे–भवन) को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने का कार्य हेतु वास्तुविद नियुक्त करने बाबत।

Situated at Raipur

Probable cost of project Rs. 500.00 Lakh.

Minimum eligibility for participants shall be as below :-

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-01 Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 01 to 10 Crore | Empanelled as architect in Class "D" & Above Class in C.G. PWD. | Rs.3,000-00 |

General condition: All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 22.09.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

जी. 262703173/1

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### छग में भी ....

30 भरे पौवा भी बरामद किए, जिनमें कुल 5.4 लीटर शराब थी। इसकी कीमत 3600 रुपए बताई गई है। इसके अलावा क्यूआर कोड एवं होलोग्राम के 18 पत्ते, रॉयल स्टेज के 50 पत्ता, रॉयल चैलेंज के 38 पत्ता, मैकडॉवल नंबर-1 के 10 पत्ता सहित विभिन्न ब्रांडों के कुल 105 पत्ता स्टीकर व होलोग्राम बरामद हुए। इनकी कीमत करीब 59,645 रुपए बताई गई है। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीमाल के मार्गदर्शन में की गई। इसमें एसडीओपी भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर, निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, सउनि कैलाश पांडे, पीएसआई फलित राम, प्रधान आरक्षक रूपेश नरेटी, प्रधान आरक्षक विजय कटकवार तथा आरक्षक गौतम हुपेंडी, हेमंत मरकाम और फत्तू उसेंडी शामिल थे।

### 4409 खाली बोतल-पौवा ....

शामिल हैं। इनकी अनुमानित कीमत 22,045 रुपए बताई गई है। इसके अलावा कार्टून में रखे 170 पेटी खाली पौवा, जिसकी कीमत करीब 34 हजार रुपए बताई गई है, जिसे भी बरामद किया गया। तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांडों के कुल 3380 ढक्कन भी मिले। इनमें पौवा, बोतल, रॉयल स्टेज, रॉयल चैलेंज, आरएस और आरसी सहित अलग-अलग ब्रांडों के ढक्कन शामिल हैं।

### बड़ी सौगात, बिलासपुर-पेंड्रा ...

जहां लगभग 56 लाख लोग रहते हैं। इन परियोजनाओं से तारातरणी मंदिर, श्रीक्षेत्र जगन्नाथ मंदिर, बंधवगढ़ टाइगर रिजर्व, विराटेश्वर मंदिर, अमरकंटक मंदिर, ज्वालेश्वर धाम, अचानकमार टाइगर रिजर्व, खुटाघाट बांध, मल्हार पुरातात्विक स्थल और रतनपुर महामाया मंदिर जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक रेल संपर्क बेहतर होगा। सरकार ने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाएं कोयला, सीमेंट, लौह एवं इस्पात जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं। क्षमता बढ़ाने से सालाना 2.7 करोड़ टन अतिरिक्त माल ढुलाई होने की उम्मीद है। सरकार ने इन परियोजनाओं के पर्यावरणीय लाभ गिनाते हुए कहा कि इनसे करीब 12 करोड़ लीटर तेल के आयात में कमी और 62 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है, जो 2.48 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है।

रेल नेटवर्क की क्षमता और कनेक्टिविटी में होगा विस्तार

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत तीन परियोजनाओं में खड़गपुर-झारसुगुड़ा (बागदेही) चौथी लाइन, कटनी-पेंड्रा रोड चौथी लाइन तथा बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड तीसरी लाइन शामिल हैं। इनकी कुल अनुमानित लागत 10 हजार 783 करोड़ रुपए है और इन्हें वर्ष 2029-30 तक पूर्ण करने की योजना है। इन तीनों परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में रेल कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 656 किलोमीटर की वृद्धि होगी। इनसे लगभग 4 हजार 790 गांवों और करीब 56 लाख की आबादी को बेहतर रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

पीएम गति शक्ति के विजन को मिलेगी मजबूती

ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अनुरूप तैयार की गई हैं। इनका उद्देश्य मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना तथा लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाना है। रेलवे पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल परिवहन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इन तीनों परियोजनाओं से देश में लगभग 12 करोड़ लीटर तेल आयात की बचत तथा करीब 62 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है, जो लगभग 2.48 करोड़ वृक्ष लगाने के पर्यावरणीय प्रभाव के बराबर है।

### उद्योग और व्यापार ....

ढुलाई क्षमता विकसित होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ खनिज और औद्योगिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। ऐसे में बेहतर रेल और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेगा। माल परिवहन अधिक सुगम होने से उद्योगों को बेहतर लॉजिस्टिक्स सुविधा मिलेगी और प्रदेश में निवेश, व्यापार तथा रोजगार के नए अवसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### *बिलासपुर-पेंड्रा रेल ...*

मालगाड़ियों की आवाजाही अधिक प्रभावी एवं विश्वसनीय हो सकेगी। इस रेल कॉरिडोर की क्षमता में वृद्धि से छत्तीसगढ़ की देश के अन्य हिस्सों से कनेक्टिविटी को भी मजबूती मिलेगी। इसका लाभ आम यात्रियों के साथ प्रदेश की औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को भी मिलेगा।

### विकसित छत्तीसगढ़ के ....

के निर्माण की दिशा में अभूतपूर्व गति से कार्य हो रहा है। छत्तीसगढ़ को भी इसका निरंतर लाभ मिल रहा है। नई मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को गति देने के साथ प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों, औद्योगिक विकास और रोजगार की नई संभावनाओं को विस्तार देंगी। मुख्यमंत्री साय ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मजबूत रेल नेटवर्क किसी भी राज्य के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हो रहा है। नई रेल परियोजनाएं प्रदेश में सुगम आवागमन, मजबूत कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति को गति देते हुए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

### प्रमुख केंद्रों तक ...

प्रमुख स्थल शामिल हैं। बेहतर कनेक्टिविटी से इन क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी मजबूती मिलेगी

### एकलव्य विद्यालय में ....

विभाग द्वारा प्राचार्य और शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है इसके साथ ही कक्षा 11वीं-12वीं के दस बच्चों को फिलहाल सजा के तौर पर घर भेज दिया गया है।

घटना 6 सितम्बर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में पढने वाले कक्षा 9वीं के 6-7 छात्रों को कक्षा 11-12 में पढने वाले बच्चों ने अपने कमरे में बुलवाया और उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में कुछ छात्रों को चोट आई। मारपीट की घटना की जानकारी परिजन को 8 सितम्बर को हुई जिसके बाद क्षेत्र क्रमांक 3 से जिपं सदस्य राम प्रताप सिंह बच्चों के अभिभावकों के साथ एकलव्य विद्यालय पहुंचे थे। इस दौरान बच्चों का कहना था कि कक्षा 11वीं-12वीं के बच्चों ने उन्हें अपने कमरे में बुलाया और छोटी छोटी बातों को लेकर उनके साथ मारपीट की गई। वहीँ परिजन व जिपं सदस्य का कहना है कि घटना के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया गया। बच्चों का छात्रावास में ही मामूली उपचार कराया गया। बच्चों का ना ही चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया और ना ही इसकी सूचना अभिभावकों को दी गई। घटना की सूचना के बाद वे परिजन के साथ बच्चों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां बच्चों के सिर, हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान बताए गए हैं। अस्पताल पहुंचने के दौरान बड़ी संख्या में परिजनों और लोगों के जुटने से विद्यालय परिसर में भी हलचल की स्थिति रही।

### कार्यशैली पर उठे ....

हॉस्टल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि घटना के तत्काल बाद उन्हें सूचना दी जानी चाहिए थी और घायल बच्चों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उचित उपचार कराया जाना चाहिए था। मामले में जिला पंचायत सदस्य रामप्रताप सिंह ने भी प्रबंधन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई करनी है। यह पूरी घटना प्रबंधन की लापरवाही से हुई है।

### देश से जातिवाद ....

कहा, भारत में जाति के आधार पर आरक्षण का प्रावधान है। जाति व्यवस्था से आर्टिकल 17 को खत्म कर दिया गया है, लेकिन आज भी दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार होते हैं। अगर जातिवाद खत्म होता है तो आरक्षण छोड़ने के लिए तैयार हैं। जब तक जातिवाद खत्म नहीं होता, आरक्षण लागू रहेगा। आरक्षण का विरोध नहीं किया जाना चाहिए।

**केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को कर रही मदद**

उन्होंने कहा, मैं आज रायपुर में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहा हूं। भारत सरकार छत्तीसगढ़ सरकार को अधिक मदद करना चाहती है। ऐसे जो भी नए प्रस्ताव आप लोगों ने बनाए हैं, जिसे भारत सरकार को भेजना चाहिए वो हमें दें। उन्होंने छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार की तारीफ भी की है।

### गुढ़ियारी का 'पंडाल' ....

से लेकर विसर्जन के बीच 40 लाख का अनुमानित खर्च बताया है। केवल पंडाल निर्माण और लाइटिंग पर ही उत्सव समिति के लोग 11 से 13 लाख रूपए खर्च करने का अनुमान बता रहे हैं। इतना खर्च करने वाली अन्य कोई आयोजन समिति नहीं है, लेकिन 20 से 30 लाख तक पूजा उत्सव में खर्च करने वाली कई समितियां हैं।

आयोजन समिति ने उत्सव को खास बनाने के लिए कल्कि अवतार की आकर्षक झांकी सजाने के लिए तैयारी शुरू की है। समिति के अध्यक्ष प्रकाश माहेश्वरी, सचिव राकेश दुग्गड़ और कोषाध्यक्ष मनोज राठी ने मिलकर उत्सव को अलग ही स्वरूप देने का मन बनाया है। इस संदर्भ में समिति के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम देवांगन ने बताया कि 20 हजार वर्गफीट एरिया में दिव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को पांच तत्वों की महत्ता को झांकियों के माध्यम से कल्कि अवतार थीम में सजाने का भी निर्णय लिया है। विष्णु के दसवें और भविष्य के अंतिम अवतार पर आधारित है। यह थीम धर्म की स्थापना, कलियुग के अंत और एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक बनेगा।

कलयुग के प्रभाव को झांकियों में देखेंगे लोग

समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री देवांगन ने बताया कि इस बार सिंहासन थीम में भगवान गणेश विराजमान होंगे। मूर्ति करीब 15 फीट ऊंची व आकर्शक होगी। इसके साथ ही प्रांगण में पांच तत्व में कलयुग के प्रभाव को कल्कि अवतार में प्रस्तुत किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी पंडाल में श्रद्धालुओं का मेला लगेगा। इसे देखते हुए प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए अलग-अलग द्वार बनाए जा रहे हैं। आस्था के इस महोत्सव में 11 दिनों तक चलने वाली पूजा, पंडाल, भोग-प्रसादी सहित विसर्जन झांकी पर 40 लाख से ज्यादा खर्च होने की संभावना है।

### अदालतों में पेश होने वाले दस्तावेज...

2023 की धारा 330 के तहत छत्तीसगढ़ दस्तावेजों की स्वीकारोक्ति अथवा इंकार नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। ये नियम प्रभावी हो गए हैं।

### सरकारी और निगम मंडल कर्मियों को...

प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सरकार के इस निर्णय से शासकीय एवं संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को उच्च पदों एवं अन्य सेवाओं में आगे बढ़ने के अधिक और समान अवसर प्राप्त होंगे। इस संबंध में राज्य शासन द्वारा एकीकृत स्थायी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

## पदोन्नति के जरिए भरे जाने थे नर्सिंग कॉलेज में पद, लेकिन कर रहे संविदा नियुक्ति, विरोध में उतरे नर्सिंग ऑफिसर

**रायपुर।** नवा रायपुर समेत राज्य में खुलने वाले नौ नए शासकीय नर्सिंग कालेजों में संविदा माध्यम से फैकल्टी भर्ती का मामला विवादों में आ गया है। नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले पदों पर सीधी भर्ती सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को उन्होंने आंबेडकर अस्पताल में सांकेतिक प्रदर्शन किया। उनकी मांगों में नर्सिंग कालेजों में विद्यार्थियों को दिए जाने वाले 27 साल पुराने 1500 के स्टाइपेंड को 15 हजार करने की डिमांड भी शामिल है। राज्य में नौ शासकीय नर्सिंग कालेज खोलने की तैयारी है और उसके लिए प्राध्यापक सहित विभिन्न शिक्षकों की भर्ती के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग संविदा व्यवस्था को अपनाया है। पिछले दिनों इस व्यवस्था के तहत प्रदर्शक, प्राध्यापक, सह एवं सहायक प्राध्यापक पर संविदा नियुक्ति का आदेश जारी किया है। जिसका नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन विरोध कर रहा है। उनका तर्क है कि नर्सिंग का कार्य केवल शिक्षा पर आधारित ना होकर प्रायोगिक होता है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदर्शक के 50 फीसदी पद पदोन्नति क्लीनिकल वर्क से किए जाने का राजपत्र में उल्लेख है। इस नियम को भुलाकर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संविदा आधार पर सीधी नियुक्ति दी गई है। नर्सिंग ऑफिसरों ने मांग की है कि डेमोस्ट्रेटर एवं असिस्टेंट प्रोफेसरों की संविदा नियुक्ति को निरस्त कर पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग, बीएससी नर्सिंग एवं एमएससी नर्सिंग की योग्यता रखने वाले नर्सिंग संवर्ग के कर्मचारियों को वरिष्ठता सूची के आधार पर पदोन्नति दी जाए। इसके अलावा उन्होंने यह भी तर्क दिया है कि शासकीय कालेजों में नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को 1500 रुपए स्टाइपेंड दिया जाता है। 27 साल से इसमें बढ़ोतरी नहीं हुई है जिसे बढ़ाकर 15 हजार किया जाना आवश्यक है। विभिन्न मांगों को लेकर नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन ने तीन दिन विरोध-प्रदर्शन का निर्णय लिया है। पहले दिन आंबेडकर अस्पताल परिसर में सुबह 10 से 12 बजे तक सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। उनकी मांगों में चिकित्सा शिक्षा विभाग के नर्सिंग संवर्ग के ग्रेड-पे एवं वेतनमान में वृद्धि, पदनाम से संबंधित घोषणा के अनुरूप आदेश शीघ्र जारी किए जाएं। नर्सिंग अलाउंस 7,200 रुपये तथा वॉशिंग अलाउंस 1,800 रुपये दिया जाए।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यूं जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** एक दम्पति जोड़ा (पति निजी कार चला सके, पत्नी सभी घरेलू कार्य कर सके, आवास सुविधा दी जाएगी) तथा पिकअप चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 7869196364 (41811)

**आवश्यकता है-** शुद्ध शाकाहारी, खाना बनाने वाले यादव, ब्राम्हण एवं घर कार्य हेतु महिला, पुरुष तथा ड्राइवर, प्यून, गार्ड चाहिए। सम्पर्क करें- मॉडर्न एजूकेशनल एकेडमी, आरएसबी कम्पाउन्ड नया सरकण्डा, बिलासपुर 9109139971, 6260552527 (41813)

**आवश्यकता है-** महाकाल ट्रांसपोर्ट में एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है जिसे एक्सल की अच्छी जानकारी हो वेतन योग्यता अनुसार होगी। सम्पर्क करें- 9329248689 (41812)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में रख रखाव, सफाई, पैकिंग, माल डिलीवरी कार्य करने के लिए हेतु कार्यकर्ता की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- यूनिवर्सल ट्रेडर्स 50/51 मेडिकल कॉम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर (41814)

**आवश्यकता है-**होलसेल मेडिकल एजेन्सी (मेडिल काम्प्लेक्स) में आफिस वर्क एवं माल छोड़ने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- 7974670905 (41791)

**आवश्यकता है-** बिजी सॉफ्टवेयर के अनुभवी कम्प्यूटर जानकार एकाउंटेंट की आवश्यकता है। अनुभव न्यूनतम 2वर्ष बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- गजानन ग्लास मामा भांजा तालाब पुराना हाईकोर्ट रोड शिव टॉकीज बिलासपुर 9111067200 (41815)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक पार्ट्स दुकान में लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है। कार्य समय 11am to 9:30pm, सम्पर्क करें- डॉली ड्रेसेस एवं दुबे नर्सिंग होम के सामने मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9893097008, 8815881350 (41816)

**आवश्यकता है-** जगत फार्मा को दवाई दुकान के लिए मेहनती लड़कों और लड़कियों की आवश्यकता है पद- पिकर, चेकर, पैकर, लोकल डिलीवरी स्थान- तेलीपारा, होटल अजीत के पीछे, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, बिलासपुर (41819)

**आवश्यकता है-**100% परमानेंट जॉब भारत में सबसे अधिक स्थायी रोजगार देने वाली righteous limited को आफिस कार्य एवं विभिन्न पदों हेतु 8/10/12वीं स्नातक लड़के/लड़कियों का चयनकर 11000, 13000, 17000, 25000/- आवास बोनस मिलें- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के पास चौपाटी चोपड़ापारा अम्बिकापुर 9669370111, 9584000909, 84358 03535, 7067084579 (20651/41810)

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सीज में अनुभवी सेल्समेन, अनुभवी एकाउंटेंट, लोकल में माल छोड़ने एवं पैकिंग कार्य करने के लिए लड़को की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- जगत एजेन्सीज तेलीपारा बिलासपुर (41818)

**आवश्यकता है-** तिफरा स्थित डॉक्टर दंपत्ति के घर की देखभाल और घरेलू कामकाज हेतु लड़की/ महिला की अतिशीघ्र आवश्यकता है। 24घंटे वालों को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 7693965549, 7024975770, 70000 87824, 8770661585 (41807)

**आवश्यकता है-**रायपुर में नवजात शिशु एवं माता की देखभाल हेतु 30 से 45वर्ष की अनुभवी महिला की आवश्यकता है। वेतन 15000 से 20000 महीना रहना, खाना फ्री। सम्पर्क करें-99937 11248, 9109511248 (41790)

**आवश्यकता है-**अस्तित्व प्रकाशन, कोनी, बिलासपुर को ग्राफिक डिजाइनर एवं वीडियो एडिटर की आवश्यकता है। उम्मीदवार को बुक कवर डिजाइनिंग एवं वीडियो एडिटिंग का अनुभव हो तथा Photoshop, After Effects और Premiere Pro में अच्छी पकड़ एवं विशेषज्ञता हो। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- अस्तित्व प्रकाशन, कोनी, बिलासपुर 7898160321, 8109883496 (41779)

**आवश्यकता है-** गार्ड/ चौकीदार की मंगला चौक में निजी नर्सिंग होम में आवश्यकता है दिन एवं रात ड्यूटी हेतु अनुभवी की। सम्पर्क करें- 9826134710, 76938 07006 (41806)

**आवश्यकता है-**Ocean Company में ऑफिस हेतु 10वीं से ग्रेजुएट लड़के, लड़कियां चाहिए उम्र 18-28, आय 10500 से 18000 एवं रहना खाना, सम्पर्क करें- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021, 07752-337082 (41704)

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर हार्डवेयर शॉप में कम्प्यूटर हार्डवेयर फ्री में सीखना चाहते हैं टोटल प्रेक्टिकल और सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले लड़कों की। सम्पर्क करें- सोना कम्प्यूटर जैन प्लाजा सीएमडी चौक बिलासपुर- 98271 59612 (3189)

**आवश्यकता है-**नर्स B.Sc/ GNM 3पद, वार्ड बॉय- 1पद, चौकीदार 1पद, ड्यूटी असिस्टेंट डॉक्टर 1पद, सुपरवाइजर कम्प्यूटर प्रशिक्षित 1पद चाहिए सम्पर्क करें- दोपहर 1बजे से 3बजे साईबाबा अस्पताल गौरव पथ बिलासपुर 9827150429(41792)

**आवश्यकता है-** मित्तल फर्नीचर अमेरी चौक बिलासपुर में छोटा हाथी चलाने हेतु ड्राइवर और दुकान में काम करने हेतु लड़के एवं अनुभवी एकाउंटेंट की आवश्यकता है। सम्पर्क करें 9826663999 (41793)

**आवश्यकता है-**फोर व्हीलर वर्कशॉप हेतु लड़के/लड़कियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन प्यून चाहिए। वेतन योग्यतानुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें-श्रीबालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज इंदु चौक के पास मगरपारा रोड बिलासपुर (41738)

**आवश्यकता है-**कंस्ट्रक्शन ऑफिस में कार्य करने हेतु अनुभवी कार ड्राइवर एवं ऑफिस वर्क हेतु कम्प्यूटर अनुभवी युवक/ युवती की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री बालाजी कंस्ट्रक्शंस,बिलासपुर 7974086925, 99079 25045 (41800)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है। रहना, खाना मुफ्त। पता - बलराम टॉकिज के पास, नेहरू नगर, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7748000222 (41802)

**आवश्यकता है-**सोनोग्राफी सेन्टर में रिपोर्ट टाइपिंग हेतु महिला टाइपिस्ट (अंग्रेजी में टाइपिंग का अच्छा अनुभव हो) एवं रिसेप्शन हेतु कम्प्यूटर जानकार लड़के की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9617782030 (41789)

**आवश्यकता है-** पोल्ट्री फार्म में काम करने के लिए फैमिली वाली लेबर की आवश्यकता है। सैलरी 10000 रु./ माह संपर्क करें RS ग्रुप पोल्ट्री सिवनी चाम्पा मो. 8109702713 (23626)

**आवश्यकता है-** थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु मैनेजर, एकाउंटेंट, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं ड्राइवर की आवश्यकता है इच्छुक सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 9937772764 (41771)

**आवश्यकता है-**छत्तीसगढ़ के सभी जिलो मे सीसीटीवी, अलार्म सिस्टम लगाने, मेंटेनेंस कार्य हेतु टेक्नीशियन वायर मैन, हेल्पर, फील्ड वर्कर जो बाहर आने जाने हेतु कार्य कर सके सम्पर्क करें- गेटवे सिक्योरिटी सॉल्यूशन रायपुर 9424267185, 9112114811 (847)

**आवश्यकता है-** (1) सिविल साइट सुपरवाइजर (अनुभवी साइट चलाने योग्य) (2) ऑफिस मैनेजर, साइड वर्क, रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण, नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी चाहिए सम्पर्क- 9770770000, 98270 72000 (41763)

**आवश्यकता है-**नाइट ड्यूटी हेतु नर्स एवं घर में खाना बनाने हेतु महिला या पुरुष की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 9981970853 (41781)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 5.00 PM

**आवश्यकता है-**कपड़े के शोरूम में कार्य करने के लिए 3 अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन 10000 से 11000 सम्पर्क करें- रूपवर्षा, सिटी कोतवाली के सामने, गोल बाजार, बिलासपुर 9827163669 (41801)

**आवश्यकता है-**चाय पत्ती के फैक्ट्री में पैकिंग हेतु लेडिस लड़कों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- जैन ट्रैडर्स नियर SBI ATM के सामने गली आकृति विहार अमलीडीह 0771-4075490, 79879 27854, 9753674707 (842)

## बेचना है

**बेचना है-** बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें 7898855268 (41750)

**बेचना है-**TNC प्रोजेक्ट (सर्वसुविधायुक्त Plot & Home) मंगला धुरीपारा रोड एवं रतनपुर मेन रोड से 500 मीटर अन्दर, सेन्दरी मोपका बाईपास फोर लेन के ऊपर बेचना है सम्पर्क करें- 9827157523, 7898318935 (41797)

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

## ऑटोमोबाइल

**बेचना है-** कमर्शियल वाहन बेचना है। टाटा 712, जून 2023 मॉडल, 65000 कि.मी. चली हुई, अच्छी कंडीशन में बेचना है सम्पर्क करें- सरकंडा, विजयापुरम, बिलासपुर 9981517475 (41817)

## शैक्षणिक

**प्रवेश प्रारंभ-** फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे:-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515 (4171)

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
यौन रोग व यौन कमजोरी
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें। यदि खून का रिपोर्ट ठीक भी है और आप रोग से परेशान है तो भी इसका स्थायी जड़ से ईलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन में ही संभव है अन्य कोई उपाय नहीं है इसी को इम्यूनोथैरिपी कहा जाता है। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहें तो इनकी झूठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी.वी. अग्रवाल (BAMS MD) (यौन रोग विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
98271-99213, 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय दोपहर 12 से 7 बजे तक

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

# विमेंस एशिया कप सेमीफाइनल : आज बांग्लादेश से भिड़ेंगी टीम इंडिया, रिकॉर्ड आठवीं बार खिताब जीतने पर निगाहें

एजेंसी ▶▶| दुबई

सात बार की चैंपियन भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार को महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में उतरेगी तो कड़ी मैदानी प्रतिद्वंद्विता और दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव की पृष्ठभूमि में होने वाले इस मुकाबले में हरमनप्रीत कौर की टीम का पलड़ा भारी रहेगा।

जहां तक क्रिकेट का सवाल है तो भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में रही है और सारे मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय बल्लेबाजी काफी मजबूत रही है और स्मृति मंधाना ने हांगकांग के खिलाफ 64 गेंद में 124 रन बनाकर फिर साबित कर दिया कि उन्हें आधुनिक दौर के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में क्यों गिना जाता है।




### गेंदबाजी में भारत के पास विविधता

गेंदबाजी में भारत के पास विविधता और गहराई है। दीप्ति शर्मा महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने राधा यादव और श्रीचरणी के साथ मिलकर हर मैच में स्पिन का जाल बखूबी बुना है। तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर ने नई गेंद बखूबी संभालकर टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई है।



### बांग्लादेशी बल्लेबाजों की कमजोरी उजागर

दूसरी ओर बांग्लादेश ने यूएई को 34 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। निगार सुल्ताना की टीम की बल्लेबाजी की कमजोरी उजागर हो गई थी जब उसके 6 विकेट 55 रन पर गिर गए थे। इसके बाद शरमीन अख्तर और निगार ने पारी को संभाला। बांग्लादेश के बल्लेबाजों को भारतीय स्पिन और तेज आक्रमण के सामने अच्छा प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में राबिया खान, नाहिदा अख्तर और मारुफा अख्तर के लिए भी भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने की कठिन चुनौती होगी।

### टी20 प्रारुप अप्रत्याशित

इतिहास और मौजूदा फॉर्म भले ही भारत के पक्ष में हो लेकिन टी20 प्रारुप अप्रत्याशित है और विरोधी को कतई हलके में नहीं लिया जा सकता । भारत ने अब तक सात बार यह टूर्नामेंट जीता है जबकि श्रीलंका और बांग्लादेश एक एक बार जीत चुके हैं। श्रीलंका मौजूदा चैंपियन है और बांग्लादेश ने 2018 में खिताब जीता था।

**मैच का समय : रात 8 बजे से।**

---

दलीप ट्रॉफी फाइनल : पूर्वी क्षेत्र को 584 रन की बढ़त

# खिताब की ओर ईस्ट जोन, ईशान ने फिर दिखाया दम

## दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा किया

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईस्ट जोन ने साउथ जोन के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम में जारी दलीप ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन तक मैच में शानदार पकड़ बना ली है। पहली पारी में 708 रन बनाकर साउथ जोन को 336 रनों पर समेटने के बाद ईस्ट जोन ने बुधवार के खेल तक अपनी दूसरी पारी में 212/5 का स्कोर खड़ा कर लिया है। यहां से टीम के पास 584 रन की बढ़त है।

इसी के साथ ईस्ट जोन ने 2011/12 और 2012/13 सीजन में लगातार जीत के बाद अपना खिताब लगभग पक्का कर लिया है। ईस्ट जोन के कप्तान इशान किशन ने दूसरी पारी में भी शानदार बैटिंग की और अर्धशतक लगाया।

### साउथ जोन पहली पारी 336 रनों पर सिमटी

इसके जवाब में, साउथ जोन पहली पारी में 336 रनों पर सिमट गई। इस टीम के लिए देवदत्त पड्डिकल ने 62 रन बनाए, जबकि कप्तान तिलक वर्मा ने 9 चौकों के साथ 99 रन की पारी खेली। इनके अलावा, चामा मिलिंद ने 43 रन और नारायण जगदीशन ने 32 रन अपने नाम किए। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार ने सर्वाधिक 3 विकेट हासिल किए, जबकि मोहम्मद शमी, कौनैन कुरैशी और शिखर मोहन ने 2-2 विकेट चटकाए।



### किशन ने एक बार फिर संभाला मोर्चा

ईस्ट जोन को पहली पारी के आधार पर 372 रनों की विशाल बढ़त मिली, लेकिन विपक्षी टीम को फॉलोऑन ना देते हुए खुद दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया। ईस्ट जोन ने अपनी दूसरी पारी में 13 रन तक दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कप्तान ईशान किशन ने एक बार फिर मोर्चा संभाला। उन्होंने शिखर मोहन (52) के साथ तीसरे विकेट के लिए 126 रन जोड़े। ईशान 98 गेंदों में 3 छक्कों और 9 चौकों के साथ 80 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद टीम ने 160 के स्कोर तक अपना पांचवां विकेट भी गंवा दिया। चौथे दिन की समाप्ति तक कुमार कुशाग्र 34 रन और कौनैन कुरैशी 26 रन बनाकर नाबाद हैं। विपक्षी खेमे से मोहम्मद सिराज, त्रिपुरण विजय, एमडी निधीश और शेख रशीद ने 1-1 विकेट चटकाया है। पांचवें दिन अगर यह मुकाबला ड्रॉ भी रहता है, तो पहली पारी में ज्यादा रन बनाने की वजह से ईस्ट जोन खिताब को अपने नाम कर लेगा।

### वैभव नहीं छू पाए दहाई का आंकड़ा

वैभव दूसरी पारी में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए और वो 16 गेंदों का सामना करते हुए एक चौके की मदद से 8 रन बनाकर आउट हो गए। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 50.00 का रहा। वैभव को दूसरी पारी में त्रिपुरण विजय ने अपनी गेंद पर विकेट के पीछे एन जगदीशन के हाथों स्टंप आउट करवा दिया। इससे पहले वैभव इस मैच की पहली पारी में 37 गेंदों पर एक छक्का और 5 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए थे।

### 99 रन पर तिलक आउट

साउथ जोन की टीम के लिए मैच में इकलौती उम्मीद कप्तान तिलक वर्मा ही थे। जहां सभी बल्लेबाज लगातार फेल होकर पवेलियन लौट रहे थे वहीं तिलक ने एक छोर संभालते हुए अपनी टीम को मैच में बनाए रखने की कोशिश की। एक समय टीम के 9 विकेट गिरे हुए थे और तिलक अपने शतक से सिर्फ 1 रन दूर थे। तभी 99 रन के स्कोर पर उन्होंने मोहम्मद कुनैन कुरैशी को उन्हीं की गेंदबाजी पर एक आसान कैच थमा दिया।

---

यूएस ओपन




# शेल्टन ने किया उलटफेर, मैराथन मुकाबले में अल्काराज को हराया

## सबालेंका और पेगुला पहुंचीं सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

बेन शेल्टन ने पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में एरिना सबालेंका और जेसिका पेगुला अंतिम चार में पहुंचने में सफल रही। शेल्टन ने अल्काराज़ को चार घंटे 28 मिनट तक चले मैच में 6-7 (5), 6-1, 6-3, 1-6, 7-6 (10-7) से हराया। इस तरह से अल्काराज़ का ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं में पिछले 18 मैच से चला आ रहा विजय अभियान भी थम गया।



### करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच : शेल्टन

शेल्टन ने बाद में कहा, 'मैं थक गया हूं। यह किसी जंग से कम नहीं था। कार्लोस हमारे खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं। यह मेरे करियर का सर्वश्रेष्ठ मैच था। इसमें कोई शक नहीं।'

### करीबी मुकाबला था : अल्काराज

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने कहा, 'यह करीबी मुकाबला था। वास्तव में यह बेहद करीबी मैच था। इसलिए मुझे निराशा है कि मैं आखिर में जीत दर्ज नहीं कर पाया। लेकिन मैंने आखिर तक मुकाबला किया और मुझे खुद पर गर्व है।'



### सबालेंका ने नोस्कोवा को दी मात

सबालेंका को जब लग रहा था कि अमेरिकी ओपन में लगातार तीसरा खिताब और महिला वर्ग में नंबर एक रैंकिंग बनाए रखने का उनका सपना टूट रहा है तब उन्होंने साबित किया कि वह आखिर तक हार मानने वाली नहीं हैं। सबालेंका ने रोमांचक मुकाबले में विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को 7-6 (1), 3-6, 7-6 (10-7) से हराकर अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका सामना जेसिका पेगुला से होगा।

---

## खबर संक्षेप



### नायरा ने किया निशानेबाजी चैंपियनशिप क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** 10 वर्ष और 3 महीने की नायरा शर्मा राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे युवा भारतीय बन गई। दिल्ली की नायरा ने हाल ही में भोपाल में अखिल भारतीय अंतर स्कूल निशानेबाजी चैंपियनशिप में दस मीटर एयर राइफल में 400 में से 363 अंक हासिल किए। वह दिल्ली की टॉपगन निशानेबाजी अकादमी में ट्रेनिंग करती है।

### जूनियर अमेरिकी ओपन में भारत की चुनौती समाप्त



**न्यूयॉर्क।** माया राजेश्वरन रेवती के दूसरे दौर में अरिना मालिजिना से तीन सेट में मिली हार के साथ जूनियर अमेरिकी ओपन में भारतीय चुनौती लगभग समाप्त हो गई। 15वीं वरीयता प्राप्त माया को रूस की प्रतिद्वंद्वी से दो घंटे 16 मिनट में 3-6, 7-5, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। माया जूनियर ग्रैंडस्लैम में लगातार दो जीत दर्ज नहीं कर पाई हैं, वह फ्रेंच ओपन में भी दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। वहीं ऑस्ट्रेलियाई ओपन और विम्बलडन में उनका सफर पहले दौर में ही समाप्त हो गया था। लड़कों के युगल वर्ग के पहले दौर में अर्णव पापारकर और थाईलैंड के उनके जोड़ीदार कुनानान पंतारातोर्ण को महज 58 मिनट में कजाखस्तान के दामिर झालगास्बे और अमेरिका के साफिर आजम से 4-6, 2-6 से हार मिली।

---

# चैंपियंस लीग : एमबाप्पे और हालैंड के दम पर मैड्रिड और सिटी की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

किलियन एमबाप्पे और एर्लिंग हालैंड ने गोल दागे, जिससे रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ नए सत्र की शुरुआत की। एमबाप्पे ने रिकॉर्ड 15 बार के चैंपियन मैड्रिड को सैंटियागो बर्नबेउ में इंटर मिलान पर 2-1 की जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दूसरी तरफ हालैंड के दो गोल की मदद से 2023 के चैंपियन सिटी ने पोर्टो को 2-0 से हराया।

मैड्रिड और सिटी को पिछली दो बार के चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के साथ इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इन दोनों टीम के प्रमुख स्ट्राइकर ने पहले मैच में ही अपना जलवा दिखाया।



### एमबाप्पे ने किया 71वां गोल

एमबाप्पे ने यूरोपीय क्लब फुटबॉल की शीर्ष महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना 71वां गोल किया जबकि हालैंड के नाम पर चैंपियंस लीग में 59 मैचों में 59 गोल दर्ज हो गए हैं। बोरुसिया डॉर्टमुंड ने विलारियाल को 3-2 से हराया। रियाल बेटिस ने लिली को और एस्टन विला ने क्लब ब्रुग को इसी अंतर से पराजित किया। पीएसजी बुधवार को स्लोवन ब्रातिस्लावा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

---

# गायकवाड़ की कप्तानी में खेलेंगे हार्दिक

**नई दिल्ली।** सीनियर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ अक्टूबर में होने वाली 3 मैच की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनका खेलना पूर्ण फिटनेस हासिल करने पर निर्भर करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। पंड्या ने अपना पिछला प्रतिस्पर्धी मुकाबला इंडियन प्रीमियर लीग के पिछले सत्र में मुंबई इंडियन्स के लिए खेला था। इसके बाद से यह 32 वर्षीय खिलाड़ी विभिन्न चोटों के कारण प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर है। फिलहाल वह जांघ की चोट से उबर रहे हैं।



### भारत ए बहुदिवसीय टीम

देवदत्त पडिक्कल (कप्तान), साई सुदर्शन, अमन मोखाडे, आयुष पांडे, यश राठौड़, शेख रशीद, कुमार कुशाग्र, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, अंशुल कंबोज, प्रफुल्ल हिंगे, एन जगदीशन, नचिकेत भुटे, वी विशाक।

**भारत ए एकदिवसीय टीम**

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, प्रियांश आर्य, साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, कुमार कुशाग्र, निशांत सिंधू, विपराज निगम, अर्शीन कुलकर्णी, अरशद खान, नमन धीर, हार्दिक पंड्या, प्रभसिमरन सिंह, गुरजपनीत सिंह, यश ठाकुर।

**22 सितंबर को ऑस्ट्रेलिया ए की भारत दौरे की शुरुआत :** ऑस्ट्रेलिया ए के भारत दौरे की शुरुआत 22 सितंबर को पुडुचेरी में बहुदिवसीय मुकाबले के साथ होगी जबकि इसी स्थल पर दूसरा मैच 29 सितंबर से खेला जाएगा।

---

# भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से दी करारी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| मोकी

कप्तान अनमोल इक्का ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 6 गोल किए, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने चीनी ताइपे को 15-0 से करारी शिकस्त देकर जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अनमोल ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में बदलने के अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया।

भारतीय टीम पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई थी लेकिन इसके बाद उसने शानदार खेल दिखाया और दनादन गोल दागे। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम ने तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ पूल ए में 10 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। दक्षिण कोरिया ने जापान को 3-2 से हराकर नौ अंक के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाई। जापान, इंडोनेशिया और चीनी ताइपे खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं और अब वे वर्गीकरण मैचों में खेलेंगे।



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**टेंडर नोटिस**

(1) निविदा सूचना संख्या ई-आर-टी-90-26-27 दिनांक: 01.09.2026 कार्य का नाम: रायपुर मंडल के ए.डी.ई.एन./भाटापारा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत रेल्स के लिये एलुमीनो थर्मीक एस.के.वी. प्रक्रिया (आटोमैटिक टैपिंग थिंबल टेक्नालाजी के साथ सिंगल शाट कुसिबल) जिसमे सुपरविजन टुल्स एवं प्लांट तथा कन्जुमेबल आदि वस्तुये शामिल है के द्वारा रेल जोइंट की वेल्डिंग और वेल्डिंग की आपुर्ति। निविदा मूल्य: ₹67,32,102/- ईएमडी: ₹1,34,700/- निविदा प्रस्तुत करना: 11:00 बजे तक दिनांक 30.09.2026. निविदा खोलना: 11:00 बजे दिनांक 30.09.2026. विस्तृत विवरण/ निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें।

वरि. मंडल अभियंता- द.पू.म.रेलवे/ रायपुर

PR/R/ENGG/D360/200

South East Central Railway @secrail

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/894/न.पा.प./ लो.नि.वि/2026-27 खरसिया, दिनांक 08.09.2026

**।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. Bid Start Date - 08.09.2026 Time 17.30 PM
2. Last Date of Online Submission for Technical & Financial Bid - 30.09.2026 Time 17.30 PM
3. Last Date for Submission of physical bid-05.10.2026 Time 17.30 PM
4. Bid Open Date - 03.10.2026 Time 17.30 AM

| क्र. | सि.नि.क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि एफ.डी. आर/टी.डी. आर के रुप में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 199028 | वार्ड क्रमांक 18 स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में (स्वीमिंग पुल, इनडोर गेम्स, जिम, बाक्स क्रिकेट, कैन्टीन, पार्किंग, बॉलीवाल, बास्केटबाल एवं अन्य) का संचालन कार्य हेतु रूचि की अभिव्यक्ति । | 20.00 | 50000.00 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 3 बिलासपुर (छ.ग.)**

**द्वितीय रुचि की अभिव्यक्ति (E.O.I.)**

क्र.34/न.पा.नि./जोन क्र.03/2026-27 दिनांक 07/09/2026

जोन क्र. 03 अन्तर्गत शासकीय सामुदायिक भवनों के संचालन हेतु इच्छुक सामाजिक संस्था/ सोसायटी/एन.जी.ओ./ स्व-सहायता समूह से ई.ओ.आई आमंत्रण दिनांक 22.09.2026 सायंकाल 5.00 बजे तक जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 03 नगर पालिक निगम, टाउन हॉल, बिलासपुर छ.ग. के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त लिफाफा दिनांक 23.09.2026 को सायंकाल 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोला जावेगा। इस संबंध में प्री बिड मिटिंग दिनांक 16.09.2026 को दोपहर 12.00 बजे जोन आयुक्त, जोन क्रमांक 03, नगर पालिक निगम, टाउन हॉल, बिलासपुर छ.ग. में आयोजित है।

| क्र. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 15 शुभम विहार सामुदायिक भवन। |
| 2 | वार्ड क्रमांक 16 कुदुदण्ड श्री कृष्ण यादव समाज सामुदायिक भवन |
| 3 | वार्ड क्रमांक 17 शांति नगर जीम भवन एवं सामुदायिक भवन (रेल्वे लाईन के पास) |
| 4 | वार्ड क्रमांक 19 पत्रकार कॉलोनी सामुदायिक भवन |
| 5 | वार्ड क्रमांक 19 स्वर्ण जयंती नगर सामुदायिक भवन (गणेश हेरीटेज के पास) |

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी जोन कार्यालय 03 टाउन हॉल से अथवा निगम की वेबपोर्टल http://www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

Green City, Clean City, Dream City.

कार्यपालन अभियंता
जोन क्र.03 नगर पालिक निगम
बिलासपुर (छ.ग.)




# जोधपुर में 14 पीढ़ियों से देवी माता की पूजा कर रहा मुस्लिम परिवार

**जोधपुर।** हिंदू मंदिर हो और उसमें पूजा करने वाला हिंदू न हो, बल्कि दूसरे धर्म का हो। कुछ लोगों को यह सुनने में थोड़ा अजीब लगेगा। पर राजस्थान के जोधपुर में एक ऐसा मंदिर है, जिसमें पूजा करने वाला पुजारी मुस्लिम है। वह मंदिर में पूजा भी करता है और मुस्लिम होने के नाते नमाज भी पढ़ता है। अभी जो मंदिर का पुजारी (भोपा) है, वह सिर्फ अकेला ही नहीं है, जो इस मंदिर में पूजा-पाठ का काम कर रहा है। उससे पहले उसकी 12 पीढ़ी मंदिर में पूजा-पाठ की जिम्मेदारी संभाल चुकी है। बीते दिनों कुछ दिनों से यह मंदिर काफी सुर्खियों में बना हुआ है और इससे जुड़ा वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### माता ने कई बार किया चमत्कार

यह अनोखा मंदिर जोधपुर के भोपालगढ़ कस्बे में बागोरिया गांव में है। मंदिर बागोरिया माता के नाम से प्रसिद्ध है। बताया जाता है कि यह मंदिर 600 साल पुराना है और गांव की कुलदेवी बागोरिया माता ने कई बार चमत्कार किया है। इस मंदिर से जुड़ी अलग-अलग कहानियां हैं।



### मंदिर से जुड़ी अलग-अलग कहानी

स्थानीय लोगों के अनुसार, बागोरिया माता मंदिर में पूजा करने वाले मुस्लिम परिवार से जुड़े लोग जैसलमेर से अकाल की वजह से भोपालगढ़ जा रहे थे। तभी रास्ते में इनके ऊंट का पैर टूट गया और लोग बागोरिया गांव के पास रुक गए। इसके बाद इनके पूर्वजों ने देवी मां से प्राथना की, जिसके बाद ऊंट ठीक हो गया। लोग एक कहानी और बताते हैं, कहते हैं कि पानी और भोजन की कमी से परिवार परेशान था। तब मुस्लिम परिवार के सपने में बागोरिया माता आईं और उन्होंने पहाड़ी पर बनी बावड़ी के बारे में बताया। इस पर वो परिवार उसी बावड़ी के पास पहुंचा तो उसे देवी की एक मूर्ति मिली। इसके बाद से परिवार वहीं रुक गया और माता की पूरे जीवन सेवा करने का निर्णय लिया। तभी से यह परंपरा चली आ रही है। अब तक इस परिवार की 13 पीढ़ियों ने बागोरिया माता मंदिर में पूजा- अर्चना कर चुका है।

### किला बनाने की अनोखी कहानी

मंदिर में पूजा करने वाले मुस्लिम परिवार के जमालुद्दीन खान और उनके बेटे समदंर खान ने एक बातचीत में बताया था कि नवरात्र के समय यह बड़ी संख्या में लोग आते हैं। किसी तरह को कोई भेदभाव नहीं रहता है। जमालुद्दीन खान ने बताया कि यहां पर राजा किला बनाना चाहते थे। छह महीने तक किला बनाने की कोशिश चली। दिन में बनाते और रात में फिर वैसे ही बराबर हो जाता। इसके बाद मां ने आदेश दिया कि यहां पर सिर्फ मेरा ही किला रहेगा। मंदिर में पूजा करने पहुंचे एक भक्त ने बताया कि राजस्थान के कई हिस्सों में हमेशा पानी का अकाल रहता है, पर यहां नीचे बावड़ी में कभी भी पानी की कमी नहीं होती है। यहां समय-समय पर माता जी ने चमत्कार किया है और आसपास के सभी इलाकों के लिए यह आस्था का बड़ा केंद्र है।

## रोचक खबरें

### पालतू जानवरों के अंतिम संस्कार से हो रही है करोड़ों की कमाई

**बीजिंग।** चीन में अब कुत्ता-बिल्ली सिर्फ जानवर नहीं, परिवार बन चुके हैं। और जब परिवार का कोई सदस्य जाता है तो उसे कचरे की तरह तो नहीं फेंका जा सकता। इसी सोच ने वहां एक नया बिजनेस खड़ा कर दिया है – पालतू जानवरों का अंतिम संस्कार। ये इंडस्ट्री इस वक्त चीन में बहुत तेजी से भाग रही है, लेकिन दिक्कत ये है कि इस पर सरकार का कोई पक्का नियम-कानून अभी तक बना ही नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, मई के महीने में डालियान शहर में एक कपल अपनी बिल्ली को आखिरी बार अलविदा कहने आया। वो बिल्ली 8 साल से उनके साथ थी। दिल की बीमारी से उसकी मौत हो गई। दोनों पति-पत्नी आखिरी बार उसके बाल संवार रहे थे, उसे सहला रहे थे, आंखों में आंसू थे। उनके लिए वो सिर्फ बिल्ली नहीं, घर का हिस्सा थी। इसके बाद उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया और ये कहानी अब अकेली नहीं है। चीन के बड़े शहरों में ऐसी तस्वीरें आम होती जा रही हैं।



### एक बार पहनने के बाद कपड़े फेंक रहे हैं लोग चीन में तेजी से बढ़ रहा डिस्पोजेबल फैशन ट्रेंड

**बीजिंग।** घूमने-फिरने की शौकीन युवा जनरेशन में आजकल हर जगह अलग लुक में दिखने की होड़ मची हुई है। कोई पहाड़ों पर रंग-बिरंगे कपड़ों में उतरना चाहता है, तो कोई समंदर किनारे चमकीली ड्रेस में फोटो खिंचवाना पसंद करता है। सबसे अलग दिखने की इसी चाहत ने एक ऐसा तरीका पैदा कर दिया है, जिसके बारे में पहले कभी किसी ने सोचा भी नहीं था। आज हम आपको तेजी से बढ़ रहे एक ऐसे ही ट्रेंड के बारे में बताने जा रहे हैं। दरअसल, इन दिनों चीन में घूमने आने वाले टूरिस्ट के बीच 'डिस्पोजेबल फैशन' का अजीबोगरीब चलन तेजी से पॉपुलर हो रहा है, जिसे लोग एक बार पहनकर फेंक रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में इन दिनों 'डिस्पोजेबल फैशन' का ट्रेंड युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। यहां टूरिस्ट सफर के दौरान कपड़े धोने और भारी बैग उठाने के झंझट से बचने के लिए बेहद सस्ते कपड़े खरीद रहे हैं।

### इस जानवर को लोग पालते हैं लेकिन नहीं रखते घर पर

**नई दिल्ली।** आपने गाय और भैंस तो खूब देखी होगी। गांवों में इन्हें घर के आसपास बांधा जाता है, चारा दिया जाता है और इनके रहने के लिए अलग से गोशाला या बाड़ा भी बनाया जाता है। लेकिन, भारत के पूर्वोत्तर में एक ऐसा अनोखा पशु भी पाया जाता है, जिसकी शक्ल देखकर पहली नजर में आपको गाय, भैंस और जंगली बैल का मिश्रण जैसा अहसास हो सकता है। यह है मिथुन, जिसे अंग्रेजी में गयाल भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बोस फ्रंटालिस है। लोग इसे अपना पशु मानते हैं, इसकी देखभाल करते हैं, इसकी पहचान जानते हैं, लेकिन पारंपरिक व्यवस्था में इसे रोजाना घर के आंगन में बांधकर नहीं रखते। इसके बजाय कई इलाकों में मिथुन को जंगलों में खुले में चरने के लिए छोड़ दिया जाता है। मिथुन के बारे में सबसे दिलचस्प बात यही है कि यह पूरी तरह जंगली जानवर भी नहीं है और सामान्य गाय-भैंस की तरह पूरी तरह घर में रहने वाला पशु भी नहीं है। इसे आम तौर पर अर्ध-पालतू पशु माना जाता है।



# भूकंप आए या सुनामी... अब बाल भी बांका नहीं होगा! वैज्ञानिकों ने खोजी लोहे की गोलियों वाली बॉल

**नई दिल्ली।** जब भी कोई तेज भूकंप आता है, तो अक्सर सबसे पहले पावर कट हो जाता है। ऐसे में अगर आपकी बिल्डिंग को बचाने वाला हाई-टेक सेफ्टी सिस्टम भी बिजली या बैटरी पर चलता हो, तो इमरजेंसी के वक्त उसके ठप होने का डर रहता है। लेकिन सोचिए, क्या बिना किसी सेंसर, बिना किसी चिप और बिना एक भी यूनिट बिजली के किसी बिल्डिंग को भूकंप के तगड़े झटकों से बचाया जा सकता है? यूनिर्वसिटी ऑफ शारजाह के वैज्ञानिकों ने ऐसा ही एक कमाल कर दिखाया है। उन्होंने लोहे की गोलियों यानी स्टील बॉल्स का इस्तेमाल करके एक ऐसा डैम्पिंग सिस्टम बनाया है जो भूकंप के दौरान बिल्डिंग के हिलने पर पैदा होने वाली खतरनाक एनर्जी को सोख लेता है।

### क्या है यह नया स्टील बॉल डैम्पर?

सरल भाषा में कहें तो यह लोहे का एक खोखला सिलेंडर होता है, जिसके अंदर ढेर सारी लोहे की गोलियां भरी होती हैं। इस सिलेंडर के बीच में एक रोड यानी शाफ्ट लगी होती है, जिस पर छोटे-छोटे कांटेदार छड़ बने होते हैं। जब भी भूकंप आता है और पूरी इमारत हिलने लगती है, तो यह डिवाइस भी उसके साथ हिलती है। इसके हिलने से अंदर लगी रोड उन स्टील बॉल्स के बीच से होकर गुजरती है। इससे लोहे की गोलियों के बीच आपस में रगड़ पैदा होती है। यह रगड़ भूकंप से पैदा होने वाली खतरनाक मैकेनिकल एनर्जी को सोख लेती है और झटकों के असर को काफी हद तक कम कर देती है।




### बिना बिजली के कैसे होता है यह कमाल?

आजकल की मॉडर्न इमारतों में भूकंप से बचने के लिए जो डैम्पर लगे होते हैं, उनमें सेंसर, कंप्यूटर और हाइड्रोलिक लिक्विड का इस्तेमाल होता है। भूकंप आते ही सेंसर सिग्नल भेजते हैं और सिस्टम एक्टिव होता है। लेकिन, इस नई स्टील बॉल डिवाइस में कोई सेंसर या इलेक्ट्रॉनिक सर्किट नहीं है। प्रोफेसर मूसा लेबलूबा द्वारा बनाई गई यह डिवाइस 'प्योर फिजिक्स' पर काम करती है। जैसे ही बिल्डिंग हिलेगी, यह डिवाइस अपने आप घर्षण पैदा करना शुरू कर देगी। यानी जब तक बिल्डिंग में हलचल रहेगी, यह बिना किसी बाहरी पावर सोर्स के अपना काम करती रहेगी।

**बिजली न होना ही है इसकी सबसे बड़ी ताकत**

जब बहुत तेज भूकंप आता है, तो अक्सर पावर ग्रिड फेल हो जाते हैं और मोबाइल नेटवर्क ठप हो जाते हैं। ऐसे भयानक माहौल में अगर कोई सेफ्टी सिस्टम बिजली पर निर्भर होगा, तो वह कभी भी धोखा दे सकता है।

### लैब टेस्ट में मिले बेहतरीन नतीजे

शारजाह यूनिर्वसिटी की लैब में जब इसका टेस्ट किया गया, तो इसने लगभग 14% तक डैम्पिंग रेशियो दिखाया। इसका मतलब यह नहीं है कि यह भूकंप के 14% झटकों को सीधे खत्म कर देता है। फिजिक्स में डैम्पिंग रेशियो का मतलब यह होता है कि कोई सिस्टम हिलने-डुलने वाली वाइब्रेशन एनर्जी को कितनी तेजी से सोख सकता है। शुरुआती लैब टेस्ट के हिसाब से 14% का आंकड़ा बहुत ही शानदार माना जा रहा है। अब वैज्ञानिक इसे बड़े पैमाने पर 'शेक-टेबल' पर टेस्ट करने की तैयारी कर रहे हैं।

### इमारतों के अलावा कहां होगा इसका इस्तेमाल?

वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तकनीक का इस्तेमाल सिर्फ इमारतों तक सीमित नहीं रहेगा। जहां भी वाइब्रेशन यानी कंपन को कम करने की जरूरत होती है, वहां इसका इस्तेमाल हो सकता है।

**मोबाइल टॉवर्स:** तेज हवाओं या झटकों से टॉवर को गिरने से बचाने के लिए।

**इंडस्ट्रियल मशीनरी:** भारी मशीनों में होने वाली टूट-फूट को रोकने के लिए।

**हवाई जहाज और समुद्री जहाज:** सफर के दौरान झटकों को सोखने के लिए।

### आगे क्या है प्लान?

फिलहाल इस तकनीक को अमेरिका से पेटेंट मिल चुका है। अब रिसर्चर्स अलग-अलग साइज की स्टील बॉल्स और रॉड्स के साथ टेस्ट करने जा रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कौन सा कॉम्बिनेशन सबसे ज्यादा एनर्जी सोखता है। भले ही यह तकनीक अभी शुरुआती दौर में है, लेकिन बिना बिजली, बिना सॉफ्टवेयर और बिना सेंसर के काम करने का इसका सिंपल फंडा इसे भविष्य की सबसे भरोसेमंद सुरक्षा तकनीक बनाता है।

# माउंट एवरेस्ट पर ग्लेशियर पिघला रहा इंसान का पेशाब, हर साल 2,500 टन बर्फ बन रही पानी

**काठमांडू।** नेपाल में बीते महीने के आखिर में आई विनाशकारी बाढ़ के पीछे हिमालय में ग्लेशियर का ढहना माना जा रहा है। इसने ग्लेशियर पिघलने और इससे पैदा होने वाले खतरों पर बहस को फिर चर्चा के केंद्र में ला दिया है। इस बीच एक नई स्टडी में सामने आया है कि ग्लोबल वार्मिंग और दूसरे कारणों के साथ-साथ इंसान का पेशाब किसी ग्लेशियर के पिघलाने का बड़ा कारण है, जो माउंट एवरेस्ट पर हो रहा है। खासतौर से एवरेस्ट पर लगने वाले कैंप इसमें बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। नेपाली और अमेरिकी वैज्ञानिकों की रीजनल एनवायर्नमेंटल चेंज जर्नल में पब्लिश स्टडी से पता चलता है कि



हर साल माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले पर्वतारोहियों का पेशाब क्लाइंबिंग सीजन यानी हर साल करीब 2500 टन बर्फ पिघला रहा है। एवरेस्ट बेस कैंप खुम्बु ग्लेशियर के ऊपर लगता है। ग्लेशियर पर हर साल 1,600 टेंट लगते हैं। इनमें किचन, शॉवर, जनरेटर, वाई-फाई और दूसरी सुविधाएं होती हैं। इनसे निकलने वाली गर्मी जमीन का तापमान बढ़ाती है।

### बर्फ पिघला रही है गर्मी

नई स्टडी में इस बात पर ध्यान दिया गया कि ग्लोबल वार्मिंग और फॉसिल फ्यूल के इस्तेमाल के साथ-साथ इंसानी पेशाब ग्लेशियर को पिघलाने का कारण बन रहा है। ऊंचाई पर होने के कारण पर्वतारोहियों को ज्यादा पानी पीना पड़ता है, जिससे उन्हें ज्यादा पेशाब आता है। 2023 के सीजन में हर दिन 6,766 लीटर पेशाब यहां बहा। एक्सपर्ट का कहना है कि पेशाब की गर्मी ग्लेशियर को पिघलाती है। रिसर्चर्स ने कहा कि एक क्लाइंबिंग सीजन में ग्लेशियर की 154 टन बर्फ पिघल गई। हालांकि, यहां इंसानी पेशाब सबसे बड़ा कारण नहीं है। शरीर से 37 डिग्री सेल्सियस पर निकलने के बाद यह ठंडा हो जाता है।

### हिमालय का तापमान बढ़ रहा

वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि हिमालय का तापमान दूसरे इलाकों की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है। साल 2000 के बाद यहां बर्फ पिघलने की रफ्तार पिछली तिमाही के मुकाबले दोगुनी हो गई है। बेस कैंप की सतह का तापमान खुम्बु ग्लेशियर के दूसरे हिस्सों की तुलना में और ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। यह हर साल 0.28 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। एक्सपर्ट ने चेताया है कि यह रफ्तार आने वाले समय में बड़ी मुश्किल का सबब बन सकती है।



# 10 हजार फीट की ऊंचाई से गिरी महिला, फिर भी बच गई जान

**लंदन।** 10 हजार फीट की ऊंचाई और नीचे जमीनसोचकर ही दिल दहल जाता है। अगर पैराशूट धोखा दे जाए, तो बचना नामुमकिन है। लेकिन, यूके में एक महिला के साथ ऐसा चमत्कार हुआ जिसके बारे में जानकर हर कोई हैरान है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद भी यह महिला जिंदा बच गई। सोशल मीडिया पर वीडियो भी सामने आया है, जिसे देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। दिल दहला देने वाला ये हादसा नॉटिंघम के लैंगर एयरफील्ड में हुआ। डेवोन के ओकहैम्पटन की रहने वाली 35 साल की हॉली विफेन अपने दोस्तों के साथ स्काईडाइविंग करने गई थीं। सभी 12 हजार फीट की ऊंचाई से प्लेन से कूदे थे।












हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com